# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com बिलासपुर, शुक्रवार 25 जुलाई 2025






**सीएम बोले- यह धरती की हरियाली और प्रकृति की पूजा का पर्व**

## हरेली पर बदली रही सीएम हाउस की फिजा, कृषि औजारों की पूजा, गेड़ी-राउत नाचा समेत कई आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री निवास में गुरुवार को हरेली पर छत्तीसगढ़ियां संस्कृति की छटा बिखरी रही। गेड़ी नृत्य, राउत नाचा के साथ परंपरागत छत्तीसगढिया पकवानों की महक और पूजा-पाठ से पूरी फिजा बदली बदली नजर आई। यहां पूरे परिसर को ग्रामीण परिवेश में सजाया गया था। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा, किसानों की खुशहाली और समृद्धि हमारी सरकार का मुख्य ध्येय है। हरेली तिहार छत्तीसगढ़ की परंपरा, प्रकृति और खेती-किसानी से जुड़ा ऐसा पर्व है, जो हमें अपने मूल से जोड़ता है। आज पूरा छत्तीसगढ़ हरेली की खुशी में डूबा है। उन्होंने कहा कि ▶▶ शेष पेज 6 पर





### साव के निवास पर हरेली

उप मुख्यमंत्री अरुण साव के नवा रायपुर स्थित निवास पर सुबह से हरेली की धूम रही। उन्होंने सपरिवार हल और कृषि औजारों की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर गौमाता को आटे की लोंदी और गुड़ खिलाया। उन्होंने गेड़ी का भी आनंद लिया। कृषि मंत्री रामविचार नेताम, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक रोहित साहू और मोतीलाल साहू भी हरेली पर्व में शामिल हुए। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के निवास पर भी हरेली मनाई गई।



### खबर संक्षेप

#### निकम ने ली राज्यसभा में मनोनीत सदस्य की शपथ

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में वरिष्ठ वकील एवं न्यायविद् उज्ज्वल निकम ने मनोनीत सदस्य के रूप में शपथ ली। निकम ने मराठी में ईश्वर के नाम पर शपथ ली। शपथ लेने के बाद सदस्यों ने मेजें थपथपाकर उनका स्वागत किया। निकम एक विख्यात वकील हैं, जिन्होंने सरकारी वकील के रूप में 2008 सहित विभिन्न महत्वपूर्ण मुकदमों को अभियोजन पक्ष की ओर से लड़ा था। उन्होंने 2024 में मुंबई उत्तर मध्य सीट से भाजपा के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ा था, जिसमें वह हार गये थे।

#### महिमा गोसाईं एक्सप्रेस पटरी से उतरी

**भुवनेश्वर।** शालीमार-संबलपुर महिमा गोसाईं एक्सप्रेस का एक डिब्बा संबलपुर रेलवे स्टेशन के करीब पटरी से उतर गया। हालांकि इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। पूर्वी तटीय रेलवे ने एक बयान में कहा कि यह घटना संबलपुर सिटी स्टेशन-संबलपुर जंक्शन के बीच हुई, जब ट्रेन बहुत धीमी गति से सुबह नौ बजकर 18 मिनट पर संबलपुर शहर से रवाना हुई। इस घटना में जान या माल के नुकसान की खबर नहीं है। ट्रेन के गार्ड ने बताया कि ट्रेन की गति धीमी होने के कारण एक बड़ी घटना टल गई।

### ऋण घोटाला : अंबानी समूह की 50 कंपनियों पर ईडी की छापेमारी

# अनिल ने यस बैंक के अधिकारियों को दी रिश्वत, मंजूर कराया 3000 करोड़ का लोन

*ईडी ने गुरुवार को उद्योगपति अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप से जुड़े 35 से अधिक स्थानों और 50 से ज्यादा कंपनियों पर छापेमारी की। यह छापेमारी 3,000 करोड़ रुपए के यस बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग जांच का हिस्सा है। ईडी की जांच में पता चला है कि यस बैंक के शीर्ष अधिकारियों ने बिना उचित जांच-पड़ताल के अनिल अंबानी की कंपनियों को 2017 से 2019 के बीच लगभग 3,000 करोड़ रुपये के बड़े ऋण मंजूर किए, जिसमें रिश्वत का एक अवैध सौदा शामिल था।*

एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्रवर्तन निदेशालय ने रिलायंस समूह के अध्यक्ष अनिल अंबानी की कंपनियों के खिलाफ 3,000 करोड़ रुपए के कथित ऋण 'घोटाले' से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में गुरुवार को कई जगह छापे मारे। सूत्रों ने बताया कि इन कंपनियों द्वारा लिए गए कुछ और बैंक ऋणों के अलावा कुछ कथित अघोषित विदेशी संपत्तियां भी एजेंसी की जांच के दायरे में हैं उन्होंने बताया कि धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत मुंबई में 35 से अधिक परिसरों में छापेमारी की जा रही है। ये परिसर 50 कंपनियों और करीब 25 लोगों से जुड़े हैं। उन्होंने बताया कि छापेमारी के दौरान कुछ दस्तावेज और कंप्यूटर उपकरण बरामद कर लिए गए हैं। यह कार्रवाई ईडी की दिल्ली स्थित जांच इकाई द्वारा की जा रही है।

ईडी सूत्रों ने बताया कि 2017 से 2019 के बीच यस बैंक से लिए लगभग 3,000 ▶▶ शेष पेज 6 पर

#### ऋण के लिए रिश्वत

सूत्रों ने बताया कि जांच में यह सामने आया है कि ऋण दिए जाने से ठीक पहले, यस बैंक के प्रवर्तकों को उनके संस्थानों में धनराशि 'प्राप्त' हुई थी, जो 'रिश्वत' के लेनदेन का संकेत देता है। एजेंसी 'रिश्वत' और ऋण से जुड़े मामले की जांच कर रही है। सूत्रों ने बताया कि संघीय एजेंसी यस बैंक द्वारा रिलायंस अंबानी समूह की कंपनियों को दी गई ऋण स्वीकृतियों में पिछली तारीख के ऋण दस्तावेज, बैंक की ऋण नीति का स्पष्ट उल्लंघन कर बिना किसी उचित जांच या ऋण विश्लेषण के निवेश प्रस्तावित करना जैसे 'घोर उल्लंघनों' के आरोपों की जांच कर रही है।



#### सेबी की रिपोर्ट बनी जांच का आधार

माना जा रहा है कि 'रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड' (आरएचएफएल) के संबंध में सेबी की एक रिपोर्ट भी ईडी की जांच का आधार बनी। बाजार नियामक के निष्कर्षों के अनुसार, आरएचएफएल द्वारा दिए गए कॉर्पोरेट ऋणों में वृद्धि देखी गई जो वित्त वर्ष 2017-18 में 3,742.60 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2018-19 में 8,670.80 करोड़ रुपए हो गए। कंपनियों ने शेयर बाजार को दी जानकारी में यह भी कहा कि अनिल अंबानी न तो 'रिलायंस पावर' और न ही 'रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर' के बोर्ड में थे और उनकी 'रिलायंस कम्युनिकेशन्स' या 'रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड' से कोई ▶▶ शेष पेज 6 पर

#### सरकार ने दी थी जानकारी

केंद्र सरकार ने हाल ही में संसद को सूचित किया था कि भारतीय स्टेट बैंक ने अंबानी के साथ-साथ आरकॉम को भी 'धोखाधड़ी' के रूप में वर्गीकृत किया है। वह सीबीआई में शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया में है। सूत्रों ने बताया कि कुछ 'अघोषित' विदेशी बैंक खातों और संपत्तियों के अलावा आरकॉम और केनरा बैंक के बीच 1,050 करोड़ ▶▶ शेष पेज 6 पर

#### जांच में कई गंभीर अनियमितताएं पाई गई हैं

- क्रेडिट अप्रूवल मेमो को पीछे की तारीख में तैयार किया गया।
- बिना किसी उचित क्रेडिट एनालिसिस और ड्यू डिलिजेंस के निवेश को जबरन मंजूरी दी गई।
- लोन की रकम को शेल कंपनियों और अन्य समूह कंपनियों में डायवर्ट किया गया, जो मूल शर्तों का उल्लंघन था।
- कई कंपनियों में सामान्य पते और निदेशक पाए गए, जबकि उनके वित्तीय रिकॉर्ड बेहद कमजोर थे।
- कुछ मामलों में लोन आवेदन के दिन ही फंड ट्रांसफर कर दिया गया, और कुछ में तो मंजूरी से पहले ही राशि जारी कर दी गई।

## वायुसेना के बाद नौसेना और तटरक्षक बल को जल्द मिलेंगे सी-295 विमान



*भारत नौसेना और तटरक्षक बलों के लिए विमान खरीदने जा रहा*

**नई दिल्ली।** भारत अपनी सेनाओं की ताकत बढ़ाने में जुटा हुआ है। इसी कड़ी में एयरबस सी-295 ट्रांसपोर्ट विमानों को नौसेना और तटरक्षक बलों में शामिल किया जाएगा। इसकी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। विमानों के नौसैनिक संस्करण के लिए 13 मार्च को रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल जारी किया गया था, जिसे रक्षा अधिग्रहण परिषद ने 15 मार्च को मंजूरी दे दी है। इसके तहत कुल 15 सी-295 एमडब्ल्यू खरीदे जाएंगे, जिनमें से 9 नौसेना और 6 तटरक्षक बल के लिए होंगे। भारतीय वायुसेना अपने पुराने विमानों को चरणबद्ध तरीके से हटाकर उनकी जगह नए विमान तैनात कर रही हैं।

#### भारत ने स्पेन के साथ किया है समझौता

भारत ने 2021 में 56 C-295 विमान खरीदने के लिए स्पेन के साथ समझौता किया था। समझौते के अनुसार, 16 विमान स्पेन में निर्मित होकर भारत को सौंपे जाएंगे और बाकी 40 विमान भारत में बनाए जा रहे हैं। इसके लिए एयरबस ने टाटा के साथ समझौता किया है। इनका निर्माण गुजरात के वडोदरा में किया जा रहा है। अब तक वायु सेना को 15 सी-295 विमान मिल चुके हैं। पहला भारत निर्मित सी-295 अगले साल मिलने की उम्मीद है।

#### क्या है विमानों की खासियत?

ये विमान 5-10 टन तक सामग्री अपने साथ ले जा सकता है। इसमें 70 सैनिक या 50 पैराट्रूपर पूरी युद्धक सामग्री के साथ ले जाए जा सकते हैं। सबसे खास बात है कि ये महज 670 मीटर लंबे रनवे से टेकऑफ और 320 मीटर लंबे रनवे पर लैंडिंग कर सकता है। इस वजह से ये चीन से सटी सीमा पर तैनाती के लिए अहम है। ये 480 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से 11 घंटे तक उड़ान भर सकता है। दूसरे विमानों में हवा में ईंधन भर सकता है सी-295 ने 28 नवंबर, 1997 को पहली उड़ान भरी थी। इसमें 2 प्रैट एंड व्हिटनी टर्बोप्रॉप इंजन हैं। इसके जरिए हवा में ही फिक्स्ड विंग वाले एयरक्राफ्ट और हेलीकॉप्टर में ईंधन भरा जा सकता है।

### उड़ान भरते ही रडार से गायब

## अब रूस में गिरा विमान क्रू मेंबर समेत 48 की मौत



एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस के सुदूर पूर्वी क्षेत्र में हुई विमान दुर्घटना में कम से कम 48 लोगों की मौत हो गई है। बयान में कहा गया है कि एएन-24 यात्री विमान रूस-चीन सीमा पर स्थित ब्लागोवेशचेंस्क शहर से तिंडा शहर की ओर उड़ान भरते समय रडार से गायब हो गया था। इसमें कहा गया है कि बाद में बचावकर्मियों को घने जंगलों से घिरी एक पहाड़ी पर विमान का जलता हुआ मलबा मिला।

#### टिंडा शहर जा रहा था विमान

विमान रूस-चीन सीमा पर स्थित ब्लागोवेशचेंस्क शहर से टिंडा शहर जा रहा था। साइबेरिया की अंगारा एयरलाइंस द्वारा संचालित यह विमान टिंडा हवाई अड्डे से कई मील दूर राडार से गायब हो गया था। हवाई यातायात नियंत्रकों से इसका संपर्क टूट गया था।

### हाईकोर्ट के एक फैसला पर सुप्रीम कोर्ट की रोक, दूसरे पर तल्ख टिप्पणी

## बम ब्लास्ट में सभी 12 आरोपियों को बरी करने के फैसले पर सुप्रीम-रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने 2006 के मुंबई ट्रेन बम विस्फोट मामले में सभी 12 आरोपियों को बरी करने के बंबई हाईकोर्ट के फैसले पर गुरुवार को रोक लगा दी, लेकिन कहा कि उन्हें फिलहाल जेल लौटने की जरूरत नहीं है। कोर्ट ने निर्देश दिया कि बंबई हाईकोर्ट के फैसले को नजीर न माना जाए। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने मामले के सभी आरोपियों को नोटिस जारी किया और राज्य सरकार की अपील पर उनसे जवाब मांगा। पीठ ने कहा, हमें सूचित किया गया है कि सभी प्रतिवादियों को रिहा कर दिया गया है और उन्हें वापस जेल भेजने का कोई सवाल ही नहीं उठता। हालांकि, ▶▶ शेष पेज 6 पर


2006 मुंबई ट्रेन ब्लास्ट में 19 साल बाद मुंबई हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

7 धमाके, 189 मौत, 800 घायल और दोषी कोई नहीं, 12 आरोपी बरी

#### पहले मिली थी फांसी की सजा और उम्रकैद

स्पेशल कोर्ट ने इन 12 आरोपियों में से पांच को मौत की सजा और सात को उम्रकैद की सजा सुनायी थी। मौत की सजा पाने वाले एक दोषी की 2021 में मौत हो गयी थी। मुंबई की लोकल ट्रेन में विभिन्न स्थानों पर 11 जुलाई 2006 को हुए सात विस्फोटों में 180 से ज्यादा लोगों की मौत हो गयी थी। महाराष्ट्र सरकार ने बंबई उच्च न्यायालय के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

#### फैसले पर रोक लेकिन आरोपी रहेंगे रिहा

*सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आरोपियों की रिहाई पर रोक नहीं है और उनको दोबारा जेल नहीं भेजा जाएगा। कोर्ट ने इसी के साथ आरोपियों को नोटिस भी जारी किया है। न्यायमूर्ति सुंदरेश ने पूछा कि क्या सभी आरोपियों को जेल से रिहा कर दिया गया है और उन्होंने कहा कि कुछ आरोपी पाकिस्तानी नागरिक हैं। राज्य के एक वकील ने बताया, उन्हें गिरफ्तार नहीं किया गया था।*

## दर्शन के जमानत पर हाई कोर्ट को सुनाई खरी-खरी राज्य सरकार को भी लताड़ा



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने रेणुकास्वामी हत्या मामले में कन्नड अभिनेता दर्शन थुगुदीपा और छह अन्य को जमानत प्रदान करने संबंधी कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले को विवेकाधीन शक्ति का 'अनुचित प्रयोग' करार दिया। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने हाईकोर्ट द्वारा अभिनेता और सह-आरोपियों की जमानत मंजूर करने संबंधी 13 दिसंबर 2024 के आदेश के खिलाफ ▶▶ शेष पेज 6 पर

#### हाई कोर्ट की भाषा पर जताई नाराजगी

*आज गुरुवार दोपहर जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा कि वे हाई कोर्ट जैसी गलती नहीं दोहराएंगे। नाराज सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य आरोपी, एक्ट्रेस पवित्रा गौड़ा के वकील से कहा, 'हम कन्विक्शन या बरी करने का कोई फैसला नहीं देंगे।' वहीं सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के दिसंबर 2024 के जमानत आदेश की भाषा पर नाराजगी जताते हुए पूछा, 'क्या आपको नहीं लगता कि हाई कोर्ट ने बरी करने का आदेश सुनाया है?'*



## हाईकोर्ट ने परीक्षा नियंत्रक और दो आरोपी टामन सिंह के भतीजों की जमानत खारिज कर दी

# प्रश्नपत्र लीक कर पीएससी जैसी प्रतिष्ठित संस्था को किया शर्मसार, यह हत्या से भी अधिक गंभीर मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट ने यह भी कहा कि प्रश्नपत्र लीक कर पीएससी जैसी प्रतिष्ठित संस्था को शर्मसार किया गया है। इसी टिप्पणी के साथ कोर्ट ने परीक्षा नियंत्रक और दो आरोपी टामन सिंह के भतीजों की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। ज्ञात हो कि सीजीपीएससी में 2020 से 2022 के बीच हुई परीक्षा में भारी गड़बड़ियां सामने आई थीं। इस मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो और आर्थिक अपराध शाखा द्वारा दो अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई थीं, जिसके बाद मामला सीबीआई को सौंपा गया। सीबीआई की जांच में पीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष टामन सिंह के इशारे पर बड़े पैमाने पर प्रश्न पत्र लीक किए जाने का खुलासा हुआ।

*छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग याने सीजीपीएससी के चर्चित भर्ती घोटाले में 3 आरोपियों की जमानत याचिकाएं हाईकोर्ट ने खारिज कर दी हैं। तीनों को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। इनमें से एक पीएससी के परीक्षा नियंत्रक के पद पर कार्यरत थे, जबकि दो पर गलत तरीके से चयनित होने का आरोप है। जस्टिस बिभू दत्त गुरु ने कहा, 'जो प्रतियोगी परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक करता है, वह लाखों युवाओं के भविष्य से खेलता है, यह कृत्य हत्या से भी गंभीर है।*





### नियमों के तहत भतीजा, परिवार की परिभाषा में नहीं

मामले में आरोप है कि प्रश्न पत्र उनके दो भतीजों नितेश सोनवानी और साहिल सोनवानी को दिए गए। इसके बाद परीक्षा नियंत्रक ललित गणवीर ने इन्हें बजरंग पावर एंड इस्पात के निदेशक श्रवण गोयल तक पहुंचाया। जिन्होंने यह पेपर अपने बेटे शशांक गोयल और बहू भूमिका कटियार को दिलवाया। इसी आधार पर सभी ने डिप्टी कलेक्टर व डीएससी जैसे पद हासिल किए। तीनों आरोपियों ने हाईकोर्ट में जमानत याचिकाएं लगाई थीं, इसमें तर्क दिया कि उन्हें झूठे मामले में फंसाया गया है। बचाव में यह तर्क भी दिया कि पीएससी के नियमों के तहत भतीजा परिवार की परिभाषा में नहीं आता। लिहाजा, यह कहना कि टामन सिंह सोनवानी ने अपने परिवार के सदस्यों का चयन कराया है, यह गलत है।

### सीजीपीएससी 2020 में मिली थी अनियमितता

दरअसल, सीजीपीएससी 2020 में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती गई। जिस पर पूर्व मंत्री ननकीराम कंवर ने सवाल उठाए थे और मामला हाईकोर्ट में पहुंचा थी। ननकीराम ने इस मामले में जनहित याचिका भी लगाई, जिसमें बताया कि अफसर और कांग्रेस नेताओं के रिश्तेदारों को चयन कर डिप्टी कलेक्टर जैसे पद दिए गए थे। हाईकोर्ट ने भी टिप्पणी करते हुए कहा था कि एक साथ इस तरह से रिश्तेदारों का चयन इत्तेफाक नहीं हो सकता। हाईकोर्ट ने भर्ती की जांच के आदेश भी दिए। हाईकोर्ट के आदेश के बाद राज्य में सत्ता परिवर्तन हुआ तब इस मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो और आर्थिक अपराध शाखा ने दो अलग-अलग एफआईआर दर्ज की। फिर बाद में मामले को सीबीआई को सौंप दिया गया।

### कस्टडी में मौत, थाना प्रभारी समेत चार पुलिसकर्मी दोषी, उम्रकैद की सजा घटाकर की 10 साल

बिलासपुर। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने अपने महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि हिरासत में मौत केवल कानून का उल्लंघन नहीं है बल्कि, यह लोकतंत्र और मानव अधिकारों पर गहरा आघात है। कोर्ट ने कहा है कि जब रक्षक ही भक्षक बन जाए तो यह समाज के लिए गंभीर खतरा है। इस टिप्पणी के साथ ही जस्टिस संजय के अग्रवाल और जस्टिस दीपक कुमार तिवारी ने दोषी थाना प्रभारी समेत चार पुलिसकर्मियों की उम्रकैद की सजा को घटाकर 10 वर्ष के कठोर कारावास में बदल दिया। साथ ही, कोर्ट ने हिरासत में मौत को गैर इरादतन हत्या का मामला माना है। पूरा मामला जांजगीर-चांपा जिले के मुलमुला थाने का है, जहां पुलिस कस्टडी में युवक की मौत हो गई थी। दरअसल, साल 2016 में ग्राम नरियरा निवासी सतीश नोरगे को शराब पीकर हंगामा करने के आरोप में मुलमुला थाना पुलिस ने हिरासत में लिया था। जिसके कुछ घंटों बाद ही उसकी मौत हो गई। इसके बाद लोगों ने जमकर हंगामा मचाया और दोषी पुलिसकर्मियों पर एफआईआर की मांग की। विरोध-प्रदर्शन और आंदोलन के बाद जब शव का पोस्टमार्टम कराया गया, तब रिपोर्ट में युवक के शरीर पर 26 जगह चोट के निशान मिले। लिहाजा, इस मामले में थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह राजपूत, कांस्टेबल सुनील ध्रुव, दिलहरण मिरी और सैनिक राजेश कुमार के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया।

# ऑनलाइन सट्टा एप की सुनवाई हाईकोर्ट से सुप्रीम कोर्ट ट्रांसफर

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ समेत देशभर में ऑनलाइन सट्टा एप की बढ़ती गतिविधियों के खिलाफ दायर जनहित याचिका की सुनवाई अब सुप्रीम कोर्ट में होगी। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में दाखिल याचिका को शीर्ष अदालत ने अन्य संबंधित मामलों के साथ जोड़ते हुए ट्रांसफर कर लिया है। राज्य में पिछले कुछ समय से ऑनलाइन सट्टा एप, खासकर बहुचर्चित महादेव सट्टा एप को लेकर कई आपराधिक और राजनीतिक मामले दर्ज हैं। इसी के खिलाफ दायर जनहित याचिका में कहा गया था कि छत्तीसगढ़ में सक्रिय कई ऑनलाइन सट्टा एप राज्य के जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 का खुला उल्लंघन कर



रहे हैं। प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। हाईकोर्ट में याचिका की प्रारंभिक सुनवाई के दौरान न्यायालय ने राज्य शासन, केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई और गृह सचिव को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। याचिकाकर्ता ने अदालत के समक्ष यह भी कहा कि इन ऑनलाइन सट्टा एप्स के जरिए प्रदेश में आर्थिक, सामाजिक और नैतिक क्षरण हो रहा है, जो कि गंभीर चिंता का विषय है।

### देशभर की कई याचिकाएं लंबित

गौरतलब है कि देश के अन्य हिस्सों में भी ऑनलाइन सट्टेबाजी के मामलों को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं लंबित थीं। ऐसे में सर्वोच्च न्यायालय ने सभी संबंधित मामलों को एक साथ संज्ञान में लेते हुए छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में लंबित याचिका को भी ट्रांसफर कर लिया है। याचिकाकर्ता के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट में इस मुद्दे पर होने वाली सुनवाई न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि देशभर में चल रही। ऑनलाइन सट्टेबाजी के खिलाफ दिशा-निर्देश तय करने की दिशा में महत्वपूर्ण होगी। विशेष रूप से महादेव सट्टा एप जैसे बहुचर्चित मामलों में आने वाले समय में कड़ी कार्रवाई की उम्मीद की जा रही है।

# चैतन्य के करीबियों पर ईडी का शिकंजा, सात कारोबारियों को पूछताछ के लिए नोटिस

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

राज्य के चर्चित 2174 करोड़ रुपए के शराब घोटाले में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की संलिप्तता के आरोप में न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल होने के बाद ईडी ने उनके करिबियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक ईडी ने चैतन्य के करीबी सात कारोबारियों को पूछताछ करने नोटिस जारी किया है। जिन लोगों को नोटिस जारी किया गया है, उनमें दुर्ग-भिलाई के होटल के साथ सराफा कारोबारी और रेलवे ठेकेदार शामिल हैं।

- कारोबारियों में होटल कारोबारी से लेकर रेलवे ठेकेदार तक शामिल

ईडी के दावों के अनुसार चैतन्य बघेल का शराब कारोबारी, ट्रांसपोर्टर लक्ष्मीनारायण उर्फ पप्पू बंसल, रेलवे ठेकेदार विजय अग्रवाल, त्रिलोक सिंह ढिल्लन और दीपेंद्र चावड़ा के साथ कनेक्शन मिलने पर कार्रवाई की गई। इन सभी करीबियों की मदद से चैतन्य द्वारा शराब घोटाले की मोटी रकम रियल एस्टेट में निवेश करने ईडी ने आरोप लगाया है। ईडी ने जांच के दायरे में चैतन्य से जुड़े बघेल बिल्डकॉन और बिलासपुर के एक बिल्डर को रखा है। ईडी ने इनमें लक्ष्मी नारायण बंसल सहित कई लोगों के बयानों का हवाला देते हुए पूरी चेन के जरिए करीब एक हजार करोड़ रुपए की ब्लैकमनी को सफेद करने की आशंका व्यक्त की है।

### पिछले सप्ताह विजय के यहां ईडी ने दी थी दबिश

महादेव सट्टा एक के प्रमोटर सौरभ आहूजा की जयपुर में आयोजित शादी पार्टी में दुर्ग के होटल कारोबारी तथा रेलवे ठेकेदार विजय अग्रवाल के शामिल होने की जानकारी ईडी को मिली थी। इसके बाद ईडी ने विजय अग्रवाल तथा उनसे जुड़े करीबियों के चार ठिकानों में छापे की कार्रवाई की थी। मनी लांड्रिंग तथा हवाला कारोबार को लेकर ईडी ने विजय तथा उनके करीबियों के ठिकानों में छापे की कार्रवाई की थी।

### पूछताछ करने अलग-अलग तिथि निर्धारित

सूत्रों के मुताबिक ईडी ने जिन सात कारोबारियों को पूछताछ करने नोटिस जारी किया है, उन सभी को ईडी ने अलग-अलग तिथि में पूछताछ करने नोटिस जारी किया है। चैतन्य के जेल दाखिल होने के बाद अब तक दो कारोबारियों के ईडी कार्यालय में बयान दर्ज कराने आने की जानकारी सूत्रों ने दी है। पूछताछ में ईडी के अफसर कारोबारियों के चैतन्य के साथ व्यापारिक रिश्तों की तथा कारोबार में रकम निवेश करने की जानकारी जुटा रहे हैं।

# एनीकट में बहे दो नाबालिग का शव 24 घंटे बाद बरामद

**बुधवार को अपरान्ह 4 बजे नहाने उतरे थे दोनों दोस्त**



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

अमलेश्वर थाना क्षेत्र अंतर्गत जमराव गांव में बने एनीकट में घूमने के दौरान बहे दो दोस्तों की मौत हो गई है। दुर्ग एसडीआरएफ की टीम ने गुरुवार को 24 घंटे के रेस्क्यू के बाद दोनों के शव को खोजकर बाहर निकाला। मृतक की पहचान यशवंत हरपाल (16) और आशीष सरोज (16) के रूप में हुई है। वो दोनों अपने 4 अन्य दोस्तों के साथ बुधवार को एनीकट की तरफ घूमने गए थे। शाम 4 बजे के करीब सभी दोस्तों ने खाना खाया और फिर यशवंत और आशीष नदी में नहाने उतरे और दोनों तेज धारा में बहकर डूब गए।

### एसडीआरएफ ने खोजा शव

एसडीआरएफ के डीप डाइविंग अनुभवी जवान इंद्रपाल यादव ने पानी के अंदर जाकर शव को खोजा। राजकुमार यादव और नरोत्तम चंदेल भी उतरे। दो घंटों के भीतर दोनों शवों को बाहर निकाला।

### 30 मीटर की दूरी में मिली दोनों लाश

नागेंद्र कुमार ने बताया कि सबसे पहले आशीष साहू का शव एनीकट से 30 मीटर की दूरी पर मिला। वहीं पर यशवंत का शव भी मिल गया। पीएम के बाद शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंपा जाएगा।




बिलासपुर
शुक्रवार, 25 जुलाई 2025
श्रावण शुक्ल पक्ष प्रतिपदा
वर्ष : 25, अंक : 124
पृष्ठ : 10+6 = 16 मूल्य : 5 .00***

मौसम
अधि. 31.4
न्यून. 24.6

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

# राज्य में राशन लेने वाले 38 लाख सदस्य संदिग्ध, राशन बंद, जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ में पीडीएस सिस्टम से राशन लेने वाले राशन कार्डधारियों में से 38 लाख सदस्य (हितग्राही) ऐसे हैं, जिन्होंने अपना केवाईसी नहीं करवाया है। इनमें सबसे अधिक 34 लाख बीपीएल के और 4 लाख एपीएल राशन कार्ड धारक हैं। इन्हें संदिग्ध माना जा रहा है। अब इस मामले की जांच शुरू कर दी गई है। फील्ड में जाकर इस संबंध में भौतिक सत्यापन किया जा रहा है।

हरिभूमि सरोकार

- सबसे ज्यादा 34 लाख बीपीएल कार्डधारी बिना ईकेवायसी
- पांच साल में बढ़े 20 लाख राशन कार्ड किनके हैं?
- सभी राशनकार्डधारियों को केवायसी कराने के दिए गए थे निर्देश


फाइल फोटो

## निधन के बाद भी नाम विलोपित नहीं

छत्तीसगढ़ में राशनकार्ड सदस्य (हितग्राही) की कुल संख्या 2 करोड़ 73 लाख है। इनमें से 2 करोड़ 35 लाक का ईकेवाईसी हो चुका है। इनमें से 34 लाख बीपीएल राशनकार्ड के सदस्य तथा 4 लाख एपीएल के हैं। राज्य के सभी राशन कार्ड धारियों से कहा गया था कि वे अपने कार्ड में शामिल सभी सदस्यों के लिए अनिवार्य किया गया था कि वे अपने क्षेत्र की राशन दुकानों में जाकर आधार के माध्यम से ईकेवाईसी करवाए। इसका के लिए साल भर से अधिक समय दिया गया। इसके लिए अंतिम अवसर 30 जून तक था, लेकिन फिर भी ये लोग नहीं आए। ये भी संभव है कि कुछ सदस्यों की मृत्यु हो चुकी है, लेकिन उनके नाम विलोपित नहीं हुए हैं। लेकिन अगर एक कार्ड के एक सदस्य की मौत हुई है तो बाकी अपना ईकेवाईसी तो करवा सकते हैं।

## अब राशन बंद, लेकिन संदिग्धता बरकरार

बताया गया है कि 30 जून तक केवाईसी नहीं करवाने वाले राशन कार्डों पर राशन देना बंद कर दिया गया है। लेकिन अब ये सवाल भी खड़ा हो गया है कि जिन लोगों ने ईकेवाईसी नहीं करवाया है, क्या उनके राशन कार्ड फर्जी हैं और वे नाम संदिग्ध है। जो बरसों से इसी राशन कार्ड के आधार पर अरबों रुपयों का राशन उठा चुके हैं।सरकार ने शुरु की जांचइस पूरे मामले लेकर राज्य सरकार ने जांच शुरु कर दी है। अब संदिग्ध राशन कार्डों की भौतिक जांच शुरु कर दी गई है। बताया गया है कि यह पूरा मामला केंद्र सरकार की नजर में भी है केंद्र ने इस गड़बड़ी की जांच करने के लिए कई बिंदुओं के आधार पर निर्देश दे रखे हैं।

## पांच साल में बढ़े हैं 20 लाख राशन कार्ड

उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार राज्य में पिछले पांच साल के दौरान राशन कार्डों की संख्या 20 लाख बढ़ी है। ये भी संभव है कि जिन राशन कार्डों को संदिग्ध माना जा रहा है, उनमें इन 20 लाख के साथ ही पुराने राशनकार्ड धारी भी शामिल हों। भारत सरकार ने राज्य को जांच के लिए जो निर्देश दिए हैं उनमें यह जांच करने कहा गया है कि कितने राशन कार्ड एकल सदस्यीय हैं, कितनों ने पिछले 12 महीनों से राशन नहीं उठाया। इसी तरह कुछ अन्य बिंदु संदिग्ध राशन कार्ड सदस्यों की जांच से संबंधित हैं।

---

## एफटीए पर हस्ताक्षर 99 फीसदी भारतीय निर्यात पर शुल्क हटने से बढ़ेगा व्यापार

# भारत-ब्रिटेन में फ्री ट्रेड, सस्ते होंगे वाहन स्कॉच, मेडिकल डिवाइस और जूते-कपड़े

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

*भारत और ब्रिटेन ने गुरुवार को ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते से दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं को बढ़ावा मिलने, 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात पर शुल्क श्रेणियां खत्म होने, हजारों रोजगार के सृजन और ब्रिटिश व्हिस्की, कार एवं कई अन्य वस्तुओं पर शुल्क घटाने का रास्ता साफ होगा। भारतीयों को यूके के कपड़े, जूते, इलेक्ट्रॉनिक्स समेत कई सामान सस्ते मिलेंगे।*

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ और पश्चिम की द्वितीयक पाबंदियों की धमकी के बीच गुरुवार का दिन भारत और ब्रिटेन के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज हो गया है। क्योंकि दोनों देशों के बीच लंदन में ऐतिहासिक 'व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते' (सीईटीए) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। जिसे पूर्व में मुक्त व्यापार समझौते का नाम दिया गया था। इसकी मदद से बाजारों तक पहुंच बढ़ने से दोनों अर्थव्यवस्थाओं को बढ़ावा मिलेगा, ऊंचे टैरिफ (कर) से बड़ी राहत मिलेगी और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। समझौते पर हस्ताक्षर के लिए आयोजित किए गए कार्यक्रम में ▸▸शेष पेज 6 पर

### क्या होगा सस्ता

- इलेक्ट्रॉनिक्स के सामान
- जूते, कपड़े
- मरीन प्रोडक्ट्स
- स्टील, ■ मेटल
- व्हिस्की (स्कॉच व्हिस्की और जिन)
- ज्वेलरी
- फैशन के सामान
- सॉफ्ट ड्रिंक्स
- मेडिकल डिवाइसेस और एयरोस्पेस पार्ट्स



### क्या होगा महंगा

- कार
- बाइक ऑटो प्रोडक्ट्स
- स्टील, ■ प्रोडक्ट्स
- एग्रीकल्चर प्रोडक्ट्स

**व्हिस्की उत्पाद शुल्क आधा :** डीबीटी के मुताबिक, व्हिस्की उत्पादकों को शुल्क में आधी कटौती से लाभ होगा, जिसे तत्काल 150 प्रतिशत से घटाकर 75 प्रतिशत कर दिया जाएगा। अगले 10 वर्षों में इसे और भी घटाकर 40 प्रतिशत पर लाया जाएगा जिससे ब्रिटेन को भारतीय बाजार में अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धियों पर बढ़त मिलेगी। भारत से ब्रिटेन को होने वाले लगभग आधे निर्यात पर शुल्क समाप्त हो जाएगा, जिनमें कपड़ा, जूते और आम एवं अंगूर जैसे कृषि उत्पाद शामिल हैं।

### पीएम मोदी बोले- यूके के प्रोडक्ट अब सस्ते मिलेंगे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, यह समझौता भारत के युवाओं, किसानों, मछुआरों और सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के लिए विशेष रूप से लाभकारी साबित होगा। दूसरी ओर, ब्रिटेन में बने चिकित्सा उपकरण और वैमानिकी उपकरण जैसे उत्पाद भारत के लोगों एवं उद्योगों तक किफायती एवं आकर्षक कीमत पर पहुंच सकेंगे। उन्होंने बताया कि दोनों देश एफटीए के साथ 'दोहरे अंशदान समझौते' (डीसीसी) पर भी आम सहमति पर पहुंचे हैं। इससे दोनों देशों के सेवा क्षेत्रों, खासकर प्रौद्योगिकी और वित्त, में नई ऊर्जा का संचार होगा। प्रधानमंत्री ने ब्रिटेन-भारत संबंधों के लिए क्रिकेट की शब्दावली का इस्तेमाल करते ▸▸शेष पेज 6 पर

---

# 'लाल आतंक' को बड़ा झटका, दो करोड़ के 66 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर/कांकेर




गुरूवार का दिन नक्सल संगठन के लिए काला दिन साबित हुआ। एक ही दिन में 2.30 के ईनामी 66 नक्सलियों ने नक्सल संगठन से तौबा करते हुए 5 जिले में समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो गए। सर्वाधिक 1.15 करोड़ के ईनामी 25 नक्सलियों ने बीजापुर जिले में समर्पण किया जिसमें 25 लाख का ईनामी एसजेडसीएम रामन्ना ईरपा उर्फ जगदीश भी शामिल है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि माओवादी नेतृत्व लगातार धराशायी हो रहा है, बस्तर रेंज में गुरूवार का दिन पुलिस व सुरक्षाबलों के लिए बड़ी सफलता लेकर आई जहां रेंज के पांच जिले में 66 नक्सलियों ने समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो गए। इन नक्सलियों पर 2.30 करोड़ का ईनाम घोषित था। छग शासन द्वारा चलाए जा रहे ▸▸शेष पेज 6 पर

- बीजापुर जिले में सर्वाधिक ईनामी, 25 पर 1.15 करोड़ का ईनाम

### सीएम साय बोले- बस्तर में हो रही है विकास की नई सुबह



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि बस्तर में नक्सलवाद की रात अब ढल रही है और विकास की नई सुबह का उदय हो चुका है। डबल इंजन सरकार के समग्र और समावेशी प्रयासों का यह परिणाम है कि आज बस्तर रेंज में 2.54 करोड़ रुपए के ईनामी 66 हार्डकोर नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर ▸▸शेष पेज 6 पर

**इन जिलों में नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण :** गुरूवार को सर्वाधिक 25 नक्सलियों ने बीजापुर जिले में समर्पण किया, इन पर 1.15 करोड़ रुपए का ईनाम था। वहीं नारायणपुर जिले में 8 नक्सलियों ने समर्पण किया, जिन पर 33 लाख रुपए का ईनाम घोषित था। वहीं सुकमा जिले में भी 5 नक्सलियों ने समर्पण किया, इन पर ईनाम घोषित नहीं था। वहीं दंतेवाड़ा जिले ▸▸शेष पेज 6 पर

---

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### आधार शिविर से रवाना हुए 3500 श्रद्धालु का जत्था

**जम्मू।** जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से 3,500 श्रद्धालुओं का नया जत्था दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में स्थित पवित्र अमरनाथ गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ। 22वें जत्थे में 2,704 पुरुष, 675 महिलाएं, 12 बच्चे और 109 साधु-साध्वियां शामिल हैं। यह जत्था कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 140 वाहनों के दो काफिलों में पहलगाम और बालटाल मार्ग के लिए रवाना हुआ।

### इस साल अब तक बम की 69 झूठी धमकियां

**नई दिल्ली।** सरकार ने गुरुवार को बताया कि इस साल 20 जुलाई तक विमानन कंपनियों को विमानों में बम रखे जाने की 69 झूठी धमकियां मिली हैं। नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, 2022 से 20 जुलाई, 2025 तक एयरलाइंस को बम रखे होने की कुल 881 फर्जी धमकियां मिली हैं।

# लखटकिया सोना-चांदी, निवेशक हुए ज्यादा, पर खरीदी आधी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

खास खबर

सोने और चांदी की लगातार बढ़ती कीमत के कारण निवेशक इसकी तरफ ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। सोने और चांदी की कीमत एक लाख के पार हो गई है। सबसे ज्यादा कीमत चांदी की बढ़ रही है। कारोबारियों का कहना है कि अब इसके दाम कम होने वाले नहीं हैं। आने वाले समय में चांदी के दाम और बढ़ेंगे। दाम बढ़ने के बाद भी राजधानी रायपुर के साथ प्रदेश में कारोबार कम नहीं हुआ है, बल्कि निवेशकों के कारण कारोबार में इजाफा हो गया है। लोगों ने अपनी खरीदारी का तरीका बदल दिया है। अब लोग 20 ग्राम के स्थान पर 10 ग्राम और 10 ग्राम के स्थान पर 5 ग्राम सोना ले रहे हैं। ऐसा ही चांदी में भी हो रहा है।

अपने प्रदेश में वैसे तो रोज सोने पर करीब 20 करोड़ का निवेश होता है, लेकिन लगातार बढ़ती कीमत के कारण अब रोज करीब 25 करोड़ निवेश हो रहा है। चांदी की कीमत भी लगातार बढ़ रही है। इसमें पहले भी रोज पांच ▸▸शेष पेज 6 पर

*सराफा की रौनक इसलिए कम नहीं हुई क्योंकि कम वजन की खरीदी हो रही और ज्यादा आ रहे खरीदार*



### चांदी की कीमत ज्यादा बढ़ी

दो माह पहले तक सोने और चांदी की कीमत लगभग एक समान चल रही थी लेकिन अब चांदी की कीमत में तेजी से इजाफा हो रहा है। चांदी के दाम इस समय एक लाख 20 हजार के करीब पहुंच गए हैं। इसके दाम बहुत जल्द सवा लाख तक पहुंच जाएंगे। कारोबारियों के मुताबिक इसके दाम इस साल डेढ़ लाख के पार जा सकते हैं। सोना भी सवा लाख तक जा सकता है।

### सोने की कीमत में लगातार इजाफा

सोने की कीमत में इस साल लगातार इजाफा हो रहा है। पहली बार 21 अप्रैल को राजधानी रायपुर में सोने के दाम जीएसटी के साथ एक लाख रुपए थी। इसके बाद मई में सोने की कीमत कम हो गई। दो जून को कीमत फिर से एक लाख के पार हो गई। इसके बाद फिर से कीमत कम हुई और अब फिर से कीमत एक लाख के पार होकर रिकॉर्ड कीमत हो गई है। जुलाई में कीमत एक लाख के पार होकर अब रिकार्ड कीमत हो गई है। सोना इस समय एक लाख चार हजार के करीब है।

## शाह ने पेश की नई राष्ट्रीय नीति, 50 करोड़ लोगों को जोड़ने का लक्ष्य

# पांच साल में हर गांव में सहकारी संगठन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार सहकारिता क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए एक नई राष्ट्रीय नीति की घोषणा की। इस नीति का उद्देश्य हर गांव में अधिक पेशेवर रूप से प्रबंधित और वित्तीय रूप से स्वतंत्र सहकारी संगठन बनाना है।

सहकारी समितियों के लिए इसी तरह की नीति वर्ष 2002 में लाई गई थी। उस समय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सत्ता में था। 23 साल बाद नई नीति लाई गई है। 'राष्ट्रीय सहकारिता नीति - 2025' का ▸▸शेष पेज 6 पर

### राज्यों को सहकारी नीति लाने का निर्देश

अमित शाह ने सभी राज्यों को निर्देश दिया कि वे 31 जनवरी 2026 तक अपनी-अपनी राज्य स्तरीय सहकारी नीतियां तैयार करें। उन्होंने यह भी बताया कि अब सहकारी बैंकों को बैंकिंग अधिनियम के तहत लाया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने भी लचीला रुख अपनाते हुए कई समस्याओं का समाधान किया है।



**राष्ट्रीय सहकारी नीति 2025 से क्या उम्मीदें? :** नई नीति से देश के 140 करोड़ लोगों को लाभ मिलेगा और रोजगार के बड़े अवसर तैयार होंगे। अमित शाह ने बताया कि अगले पांच वर्षों में देश के हर गांव में सहकारी संस्थाएं स्थापित की जाएंगी. फरवरी 2026 तक 2 लाख प्राइमरी एग्रीकल्चरल क्रेडिट सोसाइटीज स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। यह घोषणा उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अवसर पर राज्य सहकारिता मंत्रियों की बैठक में की।

### 23 साल पहले पेश की थी पहली राष्ट्रीय नीति

शाह ने याद दिलाया कि केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने ही वर्ष 2002 में सहकारी क्षेत्रों के लिए पहली राष्ट्रीय नीति पेश की थी। अगली नीति भी प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा ही पेश की गई है। यह नीति पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभाकर प्रभु की अध्यक्षता वाली 48 सदस्यीय राष्ट्रीय स्तर की समिति द्वारा तैयार की गई है। इस समिति को अंशधारकों से लगभग 750 सुझाव प्राप्त हुए और इसने भारतीय रिजर्व बैंक और नाबार्ड के साथ व्यापक विचार-विमर्श भी किया।



## चिंतन

# भारत-ब्रिटेन में एफटीए दोनों के लिए फायदेमंद

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मनमाने टैरिफ वार के चलते विश्व के दूसरे प्रमुख देशों ने तेजी से विकल्प की ओर बढ़ना शुरू कर दिया है। जो यूरोप अपनी अधिकांश चीजों के लिए अमेरिका पर निर्भर होता था, वो अब अमेरिका मुक्त वैश्विक विकल्प की ओर आगे बढ़ रहा है। इसी कड़ी में भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को देखा जाना चाहिए। वर्ष 2022 से भारत व ब्रिटेन के बीच एफटीए पर बातचीत चल रही थी, लेकिन ट्रंप के टैरिफ वार के बाद एफटीए को अंतिम रूप देने में तेजी आई। राष्ट्रपति ट्रंप ने यूरोप पर 30 फीसदी टैरिफ लगाया है, इससे यूरोप असहज है। ब्रिटेन बेशक ब्रेक्जिट कर चुका है, लेकिन यूरोपीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका में है। भारत व ब्रिटेन के बीच सामरिक, व्यापारिक और सांस्कृतिक संबंध पहले से मजबूत हैं, लेकिन इस एफटीए के बाद दोनों देशों के बीच ट्रेड संबंध और मजबूत होंगे। ब्रिटेन दैनिक जरूरतों के बहुत सामानों के लिए आयात पर निर्भर है। चीन ने अपने सस्ते सामानों से ब्रिटेन समेत पूरे यूरोप को पाट रखा है। इस एफटीए के बाद भारत को ब्रिटेन में अपनी पहुंच बढ़ाने में मदद मिलेगी, अमेरिका के बाद भारत को ब्रिटेन का समृद्ध बाजार भी मिलेगा। यूरोपीय संघ छोड़ने (ब्रेक्जिट) और कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद ब्रिटेन के चीनी आयात पर निर्भरता से दूर होने के मद्देनजर यह एफटीए बहुत महत्वपूर्ण है। इससे दोनों देश के निर्यातकों को लाभ होगा और आम नागरिक को सस्ते उत्पाद मिल सकेंगे। इस समझौते से 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात पर शुल्क समाप्त होने के साथ ब्रिटिश व्हिस्की, कारों एवं कई अन्य वस्तुओं पर लगने वाले शुल्क में भी कटौती होगी। ब्रिटेन से भारत में आयात होने वाले करीब 90 फीसदी उत्पाद या तो शुल्क मुक्त होंगे या उस पर कम शुल्क लगेंगे। यह एफटीए ऐतिहासिक होने के साथ-साथ दोनों देशों के लिए 'विन विन' है। हालांकि भारतीय निर्यातकों को ब्रिटेन के बाजार में चीनी निर्यातकों से कड़ी प्रतिस्पर्धा करनी होगी। अमेरिका ने टैरिफ वार छेड़कर वैश्विक व्यापार में ऐसा संशय का माहौल पैदा कर दिया है, जिसमें दूसरे मुल्क आपसी ट्रेड बढ़ाने पर जोर देने लगे हैं। सितंबर में भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच भी एफटीए पूर्ण होगा। भारत व ब्रिटेन के बीच हुए एफटीए से इंडो-ईयू एफटीए को अंतिम रूप देने में भी मदद मिलेगी। अब भारत अमेरिका के साथ जारी ट्रेड वार्ता में भी दबाव में नहीं होगा। खास बात है कि चीन 25 जुलाई को ईयू के साथ एफटीए को पूर्ण करेगा। इससे भी भारत को यह देखने का अवसर मिलेगा कि ईयू और चीन के साथ शुल्क को लेकर किस तरह की डील हुई है। भारत और अमेरिका के बीच भी ट्रेड वार्ता अगस्त तक पूर्ण हो सकती है, हालांकि टैरिफ दर को लेकर अभी दोनों देशों के बीच कई स्तर पर मतभेद हैं। अभी ब्रिटेन भारत से 11 अरब पाउंड का आयात करता है। इस एफटीए से दोनों मुल्कों के बीच आपसी व्यापार में करीब 34 अरब डॉलर का इजाफा होने की उम्मीद है, अभी यह 56 अरब डॉलर है। इस एफटीए में भारत-यूके के बीच व्यापार को 2030 तक 120 अरब अमेरिकी डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। इस समझौते से भारत में आगरा-कानपुर के चमड़ा उद्योग, सूरत-लुधियाना-वाराणसी के टेक्सटाइल उद्योग और सूरत-मुंबई के रत्न-आभूषण उद्योग को सस्ता बाजार मिलेगा। भारत और ब्रिटेन के रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र में भी साझेदारी बढ़ेगी। यह एफटीए विश्व की दो बड़ी आर्थिक शक्तियों के बीच समझौता है।

## मानसून सत्र

डॉ. आशीष वशिष्ठ



# संसद में हंगामा, समय और संसाधनों की बर्बादी

संसद के मानसून सत्र की शुरुआत हो चुकी है और जैसा कि उम्मीद थी, सत्र की शुरुआत हंगामेदार रही। विपक्ष पहलगाम हमले, ऑपरेशन सिंदूर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मध्यस्थता के दावों, बिहार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण, मणिपुर, चीन जैसे विषयों पर नारेबाजी कर सरकार को घेरने की कोशिश कर रहा है। राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- पहलगाम हमले के आतंकी अब तक पकड़े नहीं गए। मारे भी नहीं गए। ट्रम्प 24 बार कह चुके हैं कि हमने युद्ध रुकवाया। सरकार को इन सभी का जवाब देना चाहिए। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा- हम चर्चा करेंगे और हर तरीके से करेंगे। इसमें कोई दो राय नहीं है कि, एक ओर ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक और शानदार सफलता की दुंदभि देशवासियों में ही नहीं, बल्कि वैश्विक मंच पर भी जोर-शोर से बज रही है। दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी के नेता अपने एक एजेंडा और झूठे नैरेटिव के साथ भारत को बदनाम करने के मिशन पर चल रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद से ही राहुल गांधी बार-बार सरकार से सवाल पूछ रहे हैं कि हमारे कितने फाइटर जेट को नुकसान हुआ। दरअसल, वे पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं। उन्हें पूछना तो यह चाहिए कि हमारी वायुसेना ने पाकिस्तान को किस तरह तहस-नहस कर दिया? वास्तव में, देश के विपक्षी दल और विश्व की ताकतें बखूबी जानते हैं कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सैन्य बलों ने किस कारनामे को अंजाम दिया है। भारत की बढ़ती सैन्य शक्ति और मोदी सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति से दुनिया हतप्रभ है। ऐसे में ऑपरेशन सिंदूर का श्रेय कहीं राजनीतिक तौर पर मोदी सरकार को न मिल जाए, इसलिए विपक्ष लगातार रणनीति के तहत अनावश्यक सवाल पूछ कर ऑपरेशन सिंदूर पर सेना और सरकार को संदेह के घेरे में खड़ा कर रहा है। विपक्ष के इस रवैये से सेना का मनोबल तो गिरता ही है, वहीं देश की उपलब्धियों और गर्व के क्षणों पर भी ग्रहण लगता है। ये कोई पहली बार नहीं है जब विपक्ष खासकर कांग्रेस किसी विदेशी नेता के बयान या रिपोर्ट की आड़ में संसद का समय बर्बाद कर रहा है। धर्म की आड़ में विपक्ष देश की उपलब्धियों और मान-सम्मान पर बेजा टीका-टिप्पणियां करने से बाज नहीं आता। राजनीतिक विचारधारा की लड़ाई अपनी जगह है। पक्ष-विपक्ष में बहस, तर्क वितर्क और टीका टिप्पणी तो लोकतंत्र की प्राणवायु है। लेकिन सरकार या किसी राजनीतिक दल पर हमला करते देश के मान-सम्मान को नीचा गिरा देना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। देश के संविधान, सुरक्षा, संप्रभुता और सम्मान से खिलवाड़ करने का अधिकार किसी को हासिल नहीं है। भले ही व्यक्ति किसी भी पद या पृष्ठभूमि से जुड़ा हुआ हो। हर नागरिक के लिए राष्ट्र प्रथम का भाव सर्वोपरि, सर्वोत्तम और सिर माथे पर होना ही चाहिए। मामला चाहे देश की सुरक्षा से जुड़ा हो या फिर आर्थिक क्षेत्र की बात हो। विपक्ष सरकार, सेना और संवैधानिक संस्थाओं के बयान पर विश्वास करने की बजाय दूसरे देशों और विदेशी एजेंसियों एवं संस्थाओं के बयान, रिपोर्ट और बयानबाजी पर संसद में हंगामा करता है। असल में संसद सत्र के दौरान देश और दुनिया का ध्यान उस तरफ होता है। इस समय और अवसर का उपयोग देशहित और जनहित में करने की बजाय विपक्ष सरकार की छवि धूमिल करने, उसकी साख गिराने और अपनी राजनीति चमकाने के लिए करता है। 2023 के बजट सत्र में अदाणी समूह पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को लेकर संसद के दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ था। अगस्त 2024 में हिंडनबर्ग की एक और रिपोर्ट सामने आई थी। तब भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के समय को लेकर गंभीर प्रश्न उठाते हुए कहा था कि पिछले कुछ समय से यह देखा जा रहा है कि हर बार संसद सत्र से ठीक पहले विदेश से एक रिपोर्ट जारी कर दी जाती है। इसको आधार बनाकर विपक्ष संसद में हंगामा खड़ा करता है। उन्होंने इसे एक सोची-समझी साजिश करार दिया था। संसद की कार्यवाही अच्छे से चले, इसके लिए पक्ष और विपक्ष को मिलकर काम करना होगा। राजनीतिक दल अलग-अलग विचारधाराओं के हो सकते हैं, मगर सदन का अच्छी तरह चलना सभी की जिम्मेदारी है। सत्र को चलाने में हर मिनट ढाई लाख रुपये से ज्यादा खर्च होते हैं। ऐसे में सदन का काम नहीं करना समय के साथ देश के संसाधनों की भी बर्बादी है। उम्मीद करनी चाहिए कि हमारे प्रतिनिधि संसद के चालू सत्र में हंगामा करके राजनीति चमकाने और सस्ती लोकप्रियता बटोरने की बजाय संसद के बहुमूल्य समय और संसाधनों का सकारात्मक और सार्थक उपयोग करेंगे।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मोटापे के खिलाफ अभियान आज की जरूरत



विचार
- डॉ. संजय शुक्ला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इसी साल फरवरी में अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम ' मन की बात' में देशवासियों से मोटापे को नियंत्रित करने के लिए भोजन में कम तेल उपयोग करने और तेल की खपत में 10 फीसदी कटौती लाने का आव्हान किया था। पीएम मोदी ने मोटापे के खिलाफ इस अभियान में विभिन्न क्षेत्रों के 10 प्रमुख हस्तियों को नामित किया है जो अपने खाने के तेल में 10 फीसदी कटौती करेंगे। ये हस्तियां अन्य दस लोगों को नामित करेंगे जो इस चुनौती को स्वीकार करेंगे। मोटापे के खिलाफ हालिया अभियान सामयिक है क्योंकि स्वस्थ नागरिक से ही समृद्ध राष्ट्र संभव है और मोटापा सेहत का सबसे बड़ा दुश्मन है। दरअसल मोटापा एक बीमारी ही नहीं बल्कि अनेक गैर संचारी बीमारियों का कारण भी है जिससे आज पूरी दुनिया जूझ रही है। भारत में स्वास्थ्य के क्षेत्र में अजीब विरोधाभास है देश में जहां कुपोषण की दर 55 फीसदी है वहीं 24 फीसदी महिलाएं और 23 फीसदी पुरुष मोटापे से जूझ रहे हैं। पश्चिमी देशों की सबसे बड़ी समस्या मोटापा अब भारत के लिए भी सबसे बड़ी चुनौती बन रही है जिसका असर देश के आर्थिक विकास और स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ना लाजिमी है।

मेडिकल जर्नल ' द लैंसेट' के रिसर्च ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज के अनुसार भारत में 2050 तक मोटे और अधिक वजन वाले वयस्कों की संख्या 45 करोड़ हो सकती है जिससे भारत दुनिया का दूसरा मोटे लोगों वाला देश बन जाएगा। इस रिपोर्ट के अनुसार भारत दुनिया के शीर्ष तीन मोटापाग्रस्त देशों में शामिल है जहां की 70 फीसदी शहरी आबादी अधिक वजन वाली श्रेणी में आती है। दुनिया में टॉप 10 मोटापाग्रस्त देशों की सूची में अमेरिका और चीन के बाद भारत मोटापे के मामले में अभी तीसरे पायदान पर है। कुछ अर्सा पहले राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण ( एनएफएचएस- 5) ने अपने सर्वे में संकेत दिया है कि मौजूदा समय में देश में हर चार में से एक व्यक्ति को मोटापे की समस्या है। सबसे चिंताजनक स्थिति यह कि जिनके कंधों पर देश का भविष्य निर्भर है यानी बच्चे और युवा बड़ी तेजी से मोटापे का शिकार हो रहे हैं। एक अन्य शोध के मुताबिक हमारे देश में 2 करोड़ 70 लाख से ज्यादा बच्चों का वजन मोटापे के श्रेणी में आता है यानी साल 2030 में दुनिया के 10 में से एक बच्चा भारतीय होगा।

चिकित्सा विज्ञान के अनुसार मोटापे का मानक व्यक्ति का बॉडी मास इंडेक्स यानि बीएमआई यानि शरीर में वसा की मात्रा का आंकलन है। बीएमआई की गणना व्यक्ति के वजन ( किलोग्राम) को उसके ऊंचाई या लंबाई (मीटर) के वर्ग से विभाजित कर की जाती है। किसी व्यक्ति के 25 या उससे अधिक बीएमआई को अधिक वजन और 30 अथवा अधिक को मोटापे की श्रेणी में माना जाता है।जैसे के पहले ही बताया गया है कि मोटापा अनेक बीमारियों का जन्मदाता है। गैर संचारी रोग जैसे मधुमेह, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, फेफड़ों का रोग, फैटी लीवर, जोड़ों का रोग, कैंसर और अवसाद, चिंता, तनाव, आत्मविश्वास में कमी, यौनेच्छा में अरूचि, सहित अनेक मानसिक रोगों की मुख्य वजह मोटापा ही है। इसी प्रकार महिलाओं में मोटापे की वजह से पॉलीसिस्टिक ओवेरियन डिजीज, अनियमित मासिक धर्म, बांझपन यानि निः संतति, यौनेच्छा में कमी, हार्मोनल असंतुलन, ऑस्टियो आर्थराइटिस ( हड्डियों के जोड़ों का रोग) अवसाद, चिंता सहित अनेक जीवनशैली गत रोग होते हैं। अधिक वजन वाले बच्चों में आमतौर पर टाइप 2 डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, स्लीप एप्निया ( नींद में सांस लेने में रूकावट) , कैंसर, लिवर से जुड़े शारीरिक रोग सहित अधिक मोटे बच्चों में हीनभावना, अवसाद, गुस्सा जैसे मानसिक रोग भी देखे जा रहे हैं जो उनके शैक्षणिक और सामाजिक विकास में बाधक बन रहे हैं। इसी प्रकार युवा जिनकी देश में आबादी 65 है उनमें मोटापे की बढ़ती समस्या चिंताजनक बनी हुई है। युवाओं में आमतौर पर मोटापे की वजह से मधुमेह, हृदयरोग, उच्च रक्तचाप, लिवर और फेफड़े से संबंधित रोग, कैंसर, जोड़ों का रोग, नपुंसकता, हार्मोनल असंतुलन, त्वचा से संबंधित रोग, निरूत्साह, आत्मविश्वास में कमी, स्लीप एप्निया, अवसाद और एकाकीपन जैसे शारीरिक और मानसिक बीमारियों की संभावना बढ़ जाती है।



एक अनुमान के मुताबिक इस साल 2025 में देश में 7 करोड़ से अधिक मधुमेह के मरीज होने की संभावना है। इसी प्रकार बच्चों से लेकर बुजुर्गों में मोटापे की वजह से हाई कोलेस्ट्रॉल, हृदयरोग और उच्च रक्तचाप के रोगी आश्चर्यजनक रूप से बढ़ रहे हैं। यह अतिशयोक्ति नहीं होगी कि आने वाले वक्त में कैंसर देश के स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी दूसरी ओर फैटी लीवर और फेफड़े व किडनी से जुड़ी बीमारियां जनस्वास्थ्य के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुका है। शारीरिक वजन का सीधा असर घुटनों पर पड़ता है जिसके चलते आज घुटना प्रत्यारोपण " नी- रिप्लेसमेंट" के मामले लगातार बढ़ रहे हैं जो काफी खर्चीला है। निश्चित तौर पर इन बीमारियों के लिए सीधे तौर पर हमारी खराब जीवनशैली और खान-पान ही जिम्मेदार है जिसका परिणाम मोटापा है। अमूमन इन रोगों से पीड़ित व्यक्ति को सर्जरी और आजीवन दवा और जांच की जरूरत होती है जिसका खर्च उसे अपने घरेलू बजट से ही उठाना पड़ता है। हालांकि भारत सरकार ने सेहत के क्षेत्र में अनेक सुधारात्मक कदम भी उठाया है जिसमें आयुष्मान भारत योजना और प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र सहित अनेक योजनाएं लागू किया है लेकिन इन योजनाओं को प्रभावी बनाने की जरूरत है। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत नागरिकों को पांच लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज उपलब्ध है लेकिन इस योजना में जारी भ्रष्टाचार और विसंगतियों के चलते सरकार के कोशिशों पर पलीता लग रहा है। दूसरी ओर प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के दवाईयों की गुणवत्ता पर भी अनेक बार सवालिया निशान लगते रहा है। भारत जैसे विशाल जनसंख्या और कमजोर अर्थव्यवस्था वाले देश में सरकार अपने कुल जीडीपी का मात्र 2 फीसदी खर्च कर रहा है जबकि जरूरत 2.5 फीसदी खर्च करने की है। वर्तमान परिदृश्य में जब देश 'विकसित भारत -2047' की ओर बढ़ रहा है तब सरकार के साथ समाज की भी जवाबदेही है कि वह मोटापे से जुड़े स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति जागरूक हों ताकि मानव संसाधन का भरपूर उपयोग इस लक्ष्य के पूर्ति में किया जा सके।

दरअसल मोटापे की प्रमुख वजह हमारे खान-पान, जीवनशैली और दिनचर्या से जुड़ा है। वसा और शक्कर युक्त प्रोसेस्ड फूड, शराब सेवन, शारीरिक गतिविधियों में कमी, शहरीकरण एवं प्रदूषण, मानसिक तनाव, अनुवांशिक और स्टेरॉइड सहित कुछ दवाओं की वजह से मोटापा बढ़ता है। इधर भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद 'आईसीएमआर' ने अपने एक शोध में देश में विवाहित जोड़ी 'कपल ओबेसिटी' को चिंताजनक माना है। शोध के मुताबिक 27.4 फीसदी विवाहित कपल्स मोटापे या अधिक वजन का शिकार हैं। स्कूलों में योग और खेलकूद के लिए अनिवार्य तौर पर कालखंड निर्धारित करना चाहिए ताकि बच्चों में मोटापे को नियंत्रित किया जा सके। सूचना प्रौद्योगिकी के वर्तमान दौर में जब बच्चे से लेकर बुजुर्ग इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के गिरफ्त में हैं तब उन्हें अपने ' स्क्रीन टाइम ' को कम करना होगा क्योंकि यह शारीरिक निष्क्रियता के साथ अनिद्रा और तनाव पैदा करता है जो मोटापे की वजह है।

अलबत्ता मोटापा जहां राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में बाधक है वहीं यह परिवार के लिए भी त्रासदी दायक है। गैर संचारी रोगियों के उपचार और सेवा- सुश्रुषा में होने वाला खर्च और मानव संसाधन का असर उस परिवार के शिक्षा, भोजन, आवास जैसी बुनियादी जरूरतों पर पड़ता है। बहरहाल मोटापे से बचाव और वजन नियंत्रण के लिए भारतीय परिवारों को अपने खान-पान में अनुशासन लाने की जरूरत है तथा तेल, घी, शक्कर व नमक के उपयोग को तुरंत सीमित करने की दरकार है। बच्चों, युवाओं और महिलाओं को वजन नियंत्रण के लिए नियमित व्यायाम और योगाभ्यास के साथ संतुलित व पौष्टिक आहार को अपने दिनचर्या में शामिल करना होगा। बच्चों में बढ़ते वजन तथा मधुमेह के दृष्टिगत अभिभावकों को बच्चे के खान-पान और शारीरिक सक्रियता के संबंध में विशेष सतर्क होने की जरूरत है ताकि देश का भविष्य सेहतमंद रहे। भारत सरकार द्वारा मोटापे के खिलाफ अभियान पर काफी संजीदगी दिखाई जा रही है। अभियान के तहत जहां जंक फूड और नशाखोरी के खिलाफ जन-जागरूकता को प्रोत्साहित किया जा रहा है वहीं मिलेट्स यानि श्री अन्ना को भोजन में शामिल करने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। मोटापा और गैर संचारी रोगों के बचाव और नियंत्रण के लिए आयुर्वेद और योग को अपने दिनचर्या में शामिल करने तथा नियमित स्वास्थ्य परीक्षण ( स्क्रीनिंग) के लिए भी सरकारी कोशिशें जारी है। अलबत्ता इस अभियान में जन भागीदारी भी आवश्यक है क्योंकि मोटापे से बचाव जहां सेहत के लिए जरूरी है वहीं यह जेब को भी राहत पहुंचाने वाला है जिसकी आज सबसे बड़ी जरूरत है।

# हम स्वयं अपने कर्म से ही दुःख भोग रहे



संकलित
## दर्शन

स्वामी विवेकानंद ने कहा है कि अधिकाधिक चिंता और अधिकाधिक प्रतियोगिता। धन प्राप्त करना बहुत कठिन कार्य है उसे बचाए रखना और भी कठिन काम है। तुम थोड़ा सा धन जोडऩे के लिए सारे संसार से झगड़ते हो (और) समस्त जीवन उसकी रक्षा के लिए लड़ते हो। (इसलिए) दरिद्र की अपेक्षा धनवान की चिंता अधिक है। संसार की गति ही ऐसी है। वस्तुएं जैसी हैं, उनकी विवेचना करने के लिए हमें दर्शन शास्त्र की ओर लौटना पड़ेगा, हम स्वयं अपने कर्म से ही दुःख भोग रहे हैं। इसमें ईश्वर का दोष नहीं है, जो हम करते हैं, उसमें हमारा अपना दोष होता है, और कुछ नहीं। ईश्वर को दोष क्यों दिया जाए? अशुभ का अस्तित्व क्यों है? (इस प्रश्न को) हल करने का एकमात्र मार्ग (यह कहना है कि) ईश्वर शुभ और अशुभ, दोनों का कारण है। सगुण ईश्वर के सिद्धांत में बड़ी कठिनाई यह है कि यदि तुम यह कहते हो कि वह केवल शुभ है, अशुभ नहीं, तो अपने तर्क के फंदे में स्वयं फंस जाते हो। तुम कैसे जानते हो कि ईश्वर? तुम कहते हो कि (वह) इस विश्व का पिता है और तुम कहते हो कि मंगलमय है और चूंकि संसार में अशुभ (भी) है, इसलिए ईश्वर को अशुभ होना चाहिए, वही कठिनाई! यहां न कोई शुभ है और न कोई अशुभ है। जो कुछ है, सब ईश्वर है । शुभ क्या है, यह तुम कैसे जानते हो? तुम (उसे) अनुभव करते हो। जो) अशुभ है, तुम उसे कैसे जानते हो? (यदि) अशुभ आता है, तो उसे अनुभव करते हो। हम शुभ और अशुभ को अपने भावों से जानते हैं।

# अपने मन को सद्गुरु के चरणों में लगाना चाहिए



संकलित
## प्रेरणा

मन को कितना ही शुद्ध किया जाए ये मन ही रहेगा। जैसे जहर को शुद्ध नहीं करना होगा, क्योंकि जहर जितना शुद्ध हो जाएगा ये जहर ही रहेगा और ये जहर और खतरनाक हो जाएगा चूंकि मन का स्वभाव असाध्य है, ये किसी भी तरह से पवित्र नहीं हो सकता। मन इतना कुशल है, इतना चालाक है और इसका गणित इतना जटिल है कि मनुष्य एक से हटे कि मन तत्क्षण मनुष्य के लिए दूसरा जाल बिछा देता है। एह मन कदे नहीं निर्मल होणा बाझ गुरु दे कहे अवतार। इसलिए अपने मन को सदैव सद्गुरु के चरणों में लगाना चाहिए। सद्गुरु की कृपा से ही मन का अज्ञान दूर होता है। अतः जो लोग अज्ञानता का शिकार है, वही मन के उत्पातों से डरते हैं, मन को मार देने की बातें करते हैं। सत्य के ज्ञाता मन को मारने की नहीं, बल्कि मन को मोडऩे की बात करते हैं। इनका मत है कि दिशा बदलने से दशा अपने अपने आप ही बदल जाती है। चेतना पर बंधी इस ग्रंथि 'मन' को हम अकसर सुलझाना चाहते हैं, यानी 'मन' से 'मन' को सुलझाने की कोशिश करते हैं और यहां भूल हो जाती है, क्योंकि मन स्वयं एक उलझाव है। मन से कोई सुलझाव हल नहीं हो सकता, जैसे कोई अपने ही हाथ से उसी हाथ को पकडऩे की कोशिश करता है या जैसे कोई चश्मा लगाकर उसी चश्मे को खोजता फिरे कि कहां है चश्मा? अतः महात्मा फरमाते हैं कि साक्षी को बिना जगाए ये मन रूपी ग्रंथि कभी नहीं सुलझ सकती। मानो हमें द्रष्टा को इस ग्रंथि के भीतर लाना होगा, ताकि ये ग्रंथि आसानी से टूट सके और ये कला पूर्ण सद्गुरु ही हरिनाम रूपी दात देकर प्रदान कर सकता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### क्या किसी की भूख की तस्वीर लेना जायज है?

आज का युग 'डिजिटल करुणा' का युग बन चुका है, जहां इनसानियत, परोपकार और सहानुभूति जैसे मूल्य अब मौन संवेदनाओं की बजाय कैमरे की फ्लैश में दर्ज होते हैं। पहले जहां 'नेकी कर दरिया में डाल' की परंपरा जीवित थी, अब वह बदलकर 'नेकी कर, सोशल मीडिया पर डाल' हो चुकी है। भलाई की भावना मनुष्य की सबसे पवित्र प्रवृत्तियों में से एक है। किन्तु आज के समय में यह गुण मंच पर आ चुका है– एक ऐसा मंच जहां तालियां हैं, टिप्पणियां हैं, और सबसे ज़रूरी, एक कैमरा है जो हर क्षण को 'दृश्य' बनाता है। एक समय था जब कोई वृद्ध भूखा दिखता, तो राह चलते लोग बिना कुछ कहे उसे कुछ खाने को दे जाते थे। लेकिन अब किसी की भूख बुझाने की भी तस्वीरें ली जा रही हैं। *–विनय कुमार साहू*

## करंट अफेयर


# अमेरिका के साथ ये कैसी डील पीएम इस्तीफे को मजबूर



अमेरिका के साथ हुए एक ऐतिहासिक व्यापार समझौते ने जापान की सियासत में भूचाल ला दिया है। इस समझौते के तुरंत बाद जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा के इस्तीफे की खबरें सुर्खियों में हैं। इशिबा ने अपने करीबी सहयोगियों को यह संकेत दिया है कि वह जल्द ही अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं। पीएम इशिबा ने कहा कि वह अमेरिका के साथ हुए टैरिफ समझौते का गहन अध्ययन करने के बाद इस्तीफा देने के संबंध में फैसला लेंगे। पिछले सप्ताह के अंत में हुए चुनाव में इशिबा की सत्तारूढ़ पार्टी को ऐतिहासिक हार मिलने के बाद उन पर पद छोड़ने का दबाव बढ़ गया है। उनके दल 'लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी' और सहयोगी दल 'कोमिटो' ने रविवार को 248 सदस्यीय उच्च सदन में बहुमत खो दिया है। इशिबा ने घोषणा की थी कि वह अमेरिका के साथ टैरिफ वार्ता समेत विभिन्न चुनौतियों से निपटने के लिए पद पर बने रहेंगे। अमेरिका के साथ टैरिफ समझौते के बाद उनके संभावित इस्तीफे का रास्ता साफ हो गया है। जापानी मीडिया ने कहा है कि वह अगस्त में पद छोड़ने के बारे में घोषणा कर सकते हैं। ट्रंप द्वारा भारी टैरिफ लगाए जाने की धमकियों के चलते जापान को अमेरिका के साथ व्यापारिक समझौते के लिए मजबूर होना पड़ा।

## ऑफ बीट

# बाबा शिब्बोथान जिनके पानी से उतर जाता है सांप का जहर



कांगड़ा जिला के भरमाड़ में स्थित सिद्धपीठ शिब्बोथान को सिद्ध संप्रदाय गद्दी, सिद्ध बाबा शिब्बोथान और सर्वव्याधि विनाशक के रूप में भी जाना जाता है। कहा जाता है कि लगभग 600 वर्ष पूर्व भरमाड़ के निकट सिद्धपुरघाड़ के आलमदेव के घर में शिब्बू नामक बालक ने जन्म लिया। बाबा शिब्बो जन्म से पूर्ण रूप से दिव्यांग थे। उन्होंने जाहरवीर गुग्गा जी की दो वर्षों तक घने जंगलों में तपस्या की। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर जाहरवीर ने बाबा शिब्बो को तीन वरदान दिए। प्रथम में उन्होंने कहा कि यह स्थान आज से शिब्बोथान नाम से प्रसिद्ध होगा। दूसरे में कहा कि तुम नागों के सिद्ध कहलाओगे और इस स्थान से सर्पदंशित व्यक्ति पूर्ण रूप से ठीक होकर जाएगा। तुम्हारे कुल का कोई भी बच्चा अगर यहां पानी की तीन चूलियां जहर से पीड़ित व्यक्ति को पिला देगा, तो पीड़ित व्यक्ति जहर से मुक्ति पाएगा और स्वस्थ हो जाएगा। तीसरे और अंतिम वर में उन्होंने कहा कि जिस स्थान पर बैठकर तुमने तपस्या की है, उस स्थान की मिट्टी जहरयुक्त स्थान पर लगाने से विदेश में बैठा व्यक्ति भी जहर से मुक्ति पाएगा। बाबा शिब्बोथान के गर्भगृह में मच्छिंद्रनाथ, गोरखनाथ, क्यालू बाबा, अजियापाल, गुग्गा जाहरवीर मंडलिक, माता बाछला, नाहर सिंह, बहन गोगड़ी, बाबा शिब्बोथान, बाबा भागसूनाग, 10 पिंडियां और बाबा जी के 12वीं शताब्दी के लोहे के 31 संगल मौजूद हैं।

## ट्रेंड

### आर्थिक साझेदारी



भारत-ब्रिटेन आर्थिक साझेदारी में आज एक नया अध्याय शुरू हो रहा है! व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर व्यापार को बढ़ाने, समावेशी विकास को गति देने और उद्यमों के लिए अवसर पैदा करने की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### राष्ट्रीय सहकारिता नीति



भारत के सहकारिता क्षेत्र के लिए आज ऐतिहासिक दिन है, जब मोदी जी के नेतृत्व में देश को नई 'राष्ट्रीय सहकारिता नीति 2025' मिलेगी। यह नीति सहकारिता आंदोलन को नवाचार, आधुनिक तकनीक और युवा शक्ति से जोड़कर भविष्य के लिए तैयार करेगी।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### मदनदास देवी को नमन



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रथम राष्ट्रीय संगठन मंत्री एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व सह-सरकार्यवाह श्रद्धेय मदनदास देवी की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटिशः नमन। मदनदास ने युवा शक्ति को राष्ट्र शक्ति बनाने में सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया।
-जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय मंत्री

### भाजपा जाए तो शिक्षा आए



भाजपा की नीतियों में शिक्षा शराब से पिछड़ जाती है क्योंकि शिक्षा जगाती है, चेतना बढ़ाती है जबकि शराब सुलाती है, चेतना हर जाती है। रूढ़िवादी भाजपा को जाग्रत समाज नहीं चाहिए। भाजपा जाए तो शिक्षा आए!
-अखिलेश यादव, सांसद, सपा

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

## धनखड़ समेत अब तक 6 उपराष्ट्रपतियों ने दिया है इस्तीफा

# भारत के उपराष्ट्रपतियों के लिए जुलाई का महीना अनोखा व रहस्यमयी

## यह महीना कई महत्वपूर्ण और असामान्य घटनाओं का रहा है साक्षी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के उपराष्ट्रपति पद के इतिहास में जुलाई का महीना एक अनोखा और रहस्यमयी संयोग बना हुआ है। इस महीने में उपराष्ट्रपतियों के इस्तीफे और यहां तक कि एक मृत्यु जैसी घटनाएं बार-बार सामने आई हैं, जिससे ये महीना इस पद के अशुभ प्रतीत होता है। हाल ही में मानसून सत्र के पहले दिन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उनके कार्यकाल पूरा होने में अभी दो साल बाकी थे और उनके इस इस्तीफे ने जुलाई के इस रहस्यमयी पैटर्न को और गहरा कर दिया है। भारत के उपराष्ट्रपति पद के इतिहास में जुलाई का महीना कई महत्वपूर्ण और असामान्य घटनाओं का साक्षी रहा है। इस महीने में कई उपराष्ट्रपतियों ने अपने पद से इस्तीफा दिया, खासकर राष्ट्रपति चुनावों से जुड़े कारणों से. आइए, इस्तीफों की इस घटना को विस्तार से समझते हैं।

### वी.वी. गिरी (1969)

वीवी गिरी भारत के पहले ऐसे उपराष्ट्रपति थे, जिन्होंने अपने पद से इस्तीफा दिया। उन्होंने 3 मई 1969 को तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. जाकिर हुसैन के निधन के बाद कार्यवाहक राष्ट्रपति का पद संभाला. हालांकि, उन्होंने 20 जुलाई 1969 को उपराष्ट्रपति और कार्यवाहक राष्ट्रपति दोनों पदों से इस्तीफा दे दिया, ताकि वे राष्ट्रपति चुनाव लड़ सकें. बाद में चुनाव जीत कर भारत के चौथे राष्ट्रपति बने।

### आर. वेंकटरमण (1987)

1987 के राष्ट्रपति चुनाव में तत्कालीन उपराष्ट्रपति आर. वेंकटरमण ने जीत हासिल की. राष्ट्रपति बनने के बाद उन्होंने जुलाई 1987 में उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया। उनकी इस जीत ने मध्यावधि उपराष्ट्रपति चुनाव को अनिवार्य कर दिया।



**शंकर दयाल शर्मा (1992) :** आर. वेंकटरमण के राष्ट्रपति बनने के बाद शंकर दयाल शर्मा 3 सितंबर, 1987 को निर्विरोध उपराष्ट्रपति चुने गए। लेकिन 1992 में उन्होंने राष्ट्रपति चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। इसके बाद उन्होंने जुलाई 1992 में उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया।

### के.आर. नारायणन (1997)

1992 में उपराष्ट्रपति चुने गए के.आर. नारायणन ने 16 जुलाई, 1997 को राष्ट्रपति चुनाव जीता. उन्होंने जुलाई 1997 में उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया और इस तरह वे लगातार तीसरे उपराष्ट्रपति बने, जिन्होंने राष्ट्रपति बनने के लिए जुलाई में इस्तीफा दिया।

### भैरों सिंह शेखावत (2007)


उपराष्ट्रपति भैरों सिंह शेखावत ने 2007 के राष्ट्रपति चुनाव में हिस्सा लिया, लेकिन यूपीए-वामपंथी गठबंधन की उम्मीदवार प्रतिभा पाटिल से हार गए. नतीजे घोषित होने के तुरंत बाद 21 जुलाई, 2007 को उन्होंने राष्ट्रपति ए.पी.जे. अब्दुल कलाम को अपना इस्तीफा सौंप दिया। 21 दिनों तक खाली रहने के बाद मोहम्मद हामिद अंसारी को उपराष्ट्रपति बनाया।

### कृष्ण कांत (2002)

जुलाई का महीना केवल इस्तीफों तक सीमित नहीं रहा. 1997 से 2002 तक उपराष्ट्रपति रहे कृष्ण कांत भारतीय इतिहास में एकमात्र उपराष्ट्रपति हैं, जिनका कार्यकाल के दौरान निधन हुआ। उनका निधन 27 जुलाई 2002 को हुआ, जिसने जुलाई के इस रहस्यमयी संयोग को और गहरा कर दिया है। वहीं, जुलाई के महीने में उपराष्ट्रपतियों के इस्तीफे और एक मृत्यु का ये सिलसिला महज संयोग हो सकता है, लेकिन ये निश्चित रूप से भारतीय राजनीति के इतिहास में एक दिलचस्प पैटर्न बना हुआ है। क्या ये केवल समय का खेल है या फिर इसके पीछे कोई गहरी कहानी छिपी है? ये सवाल सोचने पर मजबूर करता है।

## सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच घमासान, विपक्ष ने की जमकर नारेबाजी

# बिहार मतदाता सूची पर छिड़ा संग्राम, संसद की कार्यवाही चौथे दिन भी हंगामे की भेंट



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बिहार मतदाता सूची सघन पुनरीक्षण पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच ऐसा संग्राम छिड़ा है कि संसद के दोनों सदन लगातार चौथे दिन भी इसी पर हंगामे की भेंट चढ़ गए। संसद के मानसून सत्र का गुरुवार को चौथा दिन है। सुबह 11 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसद बिहार वोटर वेरिफिकेशन मामले पर हंगामा करने लगे। कांग्रेस सहित कई विपक्षी सांसद वेल में आकर पोस्टर लहराने लगे। स्पीकर ओम बिरला ने कहा- तख्तियां लेकर आने पर सदन नहीं चलेगा। उन्होंने कांग्रेस सांसदों से कहा- ये आपके संस्कार नहीं हैं। हंगामे के बीच लोकसभा की कार्यवाही आज सिर्फ 12 मिनट चल सकी। इसे शुक्रवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। वहीं राज्यसभा की कार्यवाही सिर्फ 1:45 मिनट चल पाई। उधर संसद के बाहर मकर द्वार पर बिहार वोटर वेरिफिकेशन मामले पर लगातार तीसरे दिन प्रदर्शन किया गया। सोनिया गांधी भी इसमें शामिल हुईं।

### लोकसभा कार्यवाही चली सिर्फ 12 मिनट, रास में भी नहीं हुआ काम



**संसद के बाहर भी लगातार तीसरे दिन प्रदर्शन**

उधर संसद के बाहर मकर द्वार पर बिहार वोटर वेरिफिकेशन मामले पर लगातार तीसरे दिन प्रदर्शन किया गया। सोनिया गांधी भी इसमें शामिल हुईं। प्रियंका गांधी ने खतरे में लोकतंत्र लिखा पोस्टर लहराया। सोनिया प्रियंका के साथ पूरा विपक्ष साथ में था। एलओपी राहुल गांधी के साथ, राजद के मनोज झा व समाजवादी पार्टी के कई नेता धरने में शामिल हुए।

### विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के लिए मिले 30 नोटिस


विपक्ष के हंगामे के कारण आज भी प्रश्नकाल नहीं चल पाया। शून्यकाल में आज छह सदस्यों को विदाई दी गयी जिनका कार्यकाल समाप्त होने जा रहा है। छह सदस्यों को विदाई देने के तुरंत बाद विपक्षी सदस्यों ने नियम 267 के तहत दिए गए अपने 30 नोटिस उपसभापति हरिवंश द्वारा अस्वीकार किए जाने के विरोध में हंगामा शुरू कर दिया, जिसके चलते सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। सदन की बैठक शुरू होने पर उपसभापति हरिवंश ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए। इसके बाद उन्होंने बताया कि उन्हें नियम 267 के तहत, नियत कामकाज स्थगित कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के लिए 30 नोटिस मिले हैं।

### सदन में लहराईं तख्तियां

लोकसभा में कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने चुनाव आयोग के मतदाता सघन पुनरीक्षण में धांधली के मुद्दे को उठाते हुए हंगामा-नारेबाजी शुरू कर दी। सदन में तख्तियां दिखाने और मेजें थपथपाने को संसदीय गरिमा के विरुद्ध बताते हुए लोकसभा अध्यक्ष ने विपक्षी सदस्यों को समझाने और शांत करने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माने। परिणाम स्वरूप वहां भी प्रश्नकाल तक नहीं चल सका। पहले दो बजे तक और फिर शुक्रवार सुबह 11 बजे तक के लिए कार्यवाही को स्थगित करना पड़ा।

# छत्तीसगढ़ के सतत विकास हेतु हरित ऊर्जा के भविष्य पर चर्चा

## केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल एवं साहू से मिले क्रेडा के अध्यक्ष




नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी ने नई दिल्ली स्थित आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के कार्यालय में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल एवं केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू से भेंट की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ में हरित ऊर्जा की संभावनाओं को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। बैठक के दौरान सौर ऊर्जा, जैविक अपशिष्ट प्रबंधन, ऊर्जा-कुशल भवन निर्माण तथा हरित शहरों के विकास जैसे विषयों पर चर्चा की गई।

बैठक में यह सहमति बनी कि छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक संपदा एवं भूगोल को ध्यान में रखते हुए स्थायी, अभिनव एवं समावेशी ऊर्जा समाधान विकसित किए जा सकते हैं, जो न केवल पर्यावरण के अनुकूल होंगे बल्कि राज्य के आर्थिक विकास में भी सहायक सिद्ध होंगे। श्री साहू ने कहा कि "प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्त्व में भारत ने वैश्विक स्तर पर हरित ऊर्जा के क्षेत्र में सशक्त पहचान बनाई है। छत्तीसगढ़ में भी हम इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए, स्वच्छ ऊर्जा एवं टिकाऊ भविष्य की ओर अग्रसर हैं।" केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल ने राज्य के प्रयासों की सराहना करते हुए मंत्रालय की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि "केंद्र और राज्य मिलकर छत्तीसगढ़ को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर एवं नवोन्मेषी राज्य के रूप में स्थापित कर सकते हैं।" बैठक में आने वाले समय में छत्तीसगढ़ में हरित ऊर्जा परियोजनाओं को विस्तार देने के लिए कार्ययोजना तय करने पर सहमति बनी।

# वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिए मिलेंगे 30 दिन

- बिहार एसआईआर पर चुनाव आयोग ने दी बड़ी राहत



**नई दिल्ली।** बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को लेकर पटना से लेकर नई दिल्ली तक भारी विरोध प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। इन सब के बीच इलेक्शन कमीशन ने वोटर्स और सियासी दलों को बड़ी राहत दी है। चुनाव आयोग ने कहा कि किसी भी वोटर या किसी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल को 1 अगस्त से 1 सितंबर तक एक महीने का समय मिलेगा ताकि वे किसी भी पात्र मतदाता का नाम शामिल करवा सकें। इलेक्शन कमीशन ने बिल्कुल क्लीयर शब्दों में कहा, 'एसआईआर आदेश के पृष्ठ 3 पर पैरा 7(5) के अनुसार किसी भी मतदाता या किसी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल को 1 अगस्त से 1 सितंबर तक एक महीने का समय मिलेगा ताकि वे किसी भी पात्र मतदाता का नाम शामिल करवा सकें। यदि उसका नाम बीएलओ/बीएलए द्वारा छोड़ दिया गया हो या यदि बीएलओ/बीएलए द्वारा गलत तरीके से नाम शामिल किया गया हो।'

## बेंगलुरु भगदड़, सरकार ने भी आरसीबी को दोषी ठहराया

बेंगलुरु। अब कर्नाटक सरकार ने भी आरसीबी के खिलाफ फैसला सुनाया है। जस्टिन जॉन माइकल डी'कुन्हा न्याय आयोग ने बेंगलुरु भगदड़ की जांच की थी। उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन, डीएनए एंटरटेनमेंट और बेंगलुरु पुलिस अधिकारियों को दोषी ठहराया था। अब कर्नाटक सरकार ने इसे मंजूरी दे दी है, जिससे इन सभी के खिलाफ कार्यवाही का रास्ता आसान हो गया है। 4 जून को आरसीबी के आईपीएल ट्राफी जीतने के बाद जश्न मनाया गया था। उसी सेलिब्रेशन में लगभग साढ़े तीन बजे चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ मची थी जिसमें 11 की जान चली गई थी जबकि 50 लोग घायल हुए थे।

## एलओपी राहुल गांधी ने किया दावा

# 'चुनाव आयोग ने जोड़े हजारों बोगस वोटर, हमारे पास है 100% सबूत'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को संसद के बाहर चुनाव आयोग पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि उनकी पार्टी के पास कर्नाटक के एक विधानसभा क्षेत्र में चुनाव आयोग द्वारा 'धोखाधड़ी की अनुमति' देने के 100 प्रतिशत सबूत हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर आयोग यह सोचता है कि वह इससे बच निकलेगा, तो यह उसकी 'गलतफहमी' है। संसद परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए राहुल गांधी ने कहा, "हमारे पास कर्नाटक के एक निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव आयोग द्वारा धोखाधड़ी की अनुमति देने के 100 प्रतिशत ठोस सबूत हैं। पार्टी ने सिर्फ एक निर्वाचन क्षेत्र की समीक्षा की है, और उसमें हजारों संदिग्ध वोटर मिले हैं जिनकी उम्र 50, 60 या 65 वर्ष है, लेकिन वे नए मतदाता के तौर पर दर्ज हैं। ऐसा सिर्फ एक क्षेत्र में नहीं, बल्कि संभवतः हर निर्वाचन क्षेत्र में यह नाटक चल रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जब ये सबूत सामने लाने का निर्णय लिया है, तो वह पूरी तैयारी के साथ सामने आएगी।



### चुनाव आयोग पर सीधा हमला

बिहार में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) को लेकर पूछे गए सवाल पर राहुल गांधी ने चुनाव आयोग की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा, 'यह बहुत ही गंभीर मामला है। चुनाव आयोग, भारत के चुनाव आयोग की तरह काम नहीं कर रहा है। आज उन्होंने जो बयान दिया, वह पूरी तरह बकवास है। सच यह है कि चुनाव आयोग अपना काम नहीं कर रहा है।'

## राशिफल

**मेष** — मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद-विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** — मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।

**कन्या** — नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।

**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

**धनु** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**मकर** — आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।

**मीन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता


**GURU GHASIDAS VISHWAVIDYALAYA**
गुरु घासीदास विश्वविद्यालय
(A Central University established by the Central Universities Act, 2009, No.25 of 2009)
KONI, BILASPUR-495 009 (C.G.) INDIA, कोनी बिलासपुर 495009 (छ.ग.) भारत
Tel.+91-7752-260017,260435, 260209, Fax +91-7752-260154, 260148, website-www.ggu.ac.in

क्रमांक 6400 / भर्ती / प्रशा/ 2025 — **Walk-In-Interview** — बिलासपुर, दिनांक 24.07.2025

इच्छुक एवं अर्ह उम्मीदवारों को शैक्षणिक सत्र 2025-26 (प्रथमत: छ: माह हेतु) अवधि हेतु पूर्णत: अस्थाई शिक्षक के रुप में वॉक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से नियुक्ति हेतु आवेदन के साथ शैक्षणिक अभिलेख एवं कार्य अनुभव के समस्त अर्हतादायी दस्तावेजों (अंकसूची, प्रमाण पत्र, उपाधि, अनुभव प्रमाण पत्र आदि) की छायाप्रति एवं मूल दस्तावेजों के साथ विश्वविद्यालय वेबपटल पर दिये गये समय सारणी अनुसार रजत जयंती सभागार में आमंत्रित किया जाता है। विश्वविद्यालय के पास किसी पद को भरने अथवा न भरने अथवा पदों / नियुक्तियों की संख्या / प्रकृति में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
उम्मीद्वारों का चयन रु. 25000/- प्रति माह के निश्चित वेतन पर किया जावेगा। शैक्षणिक अर्हता, साक्षात्कार तिथि, पद संख्या (आवश्यकता अनुसार परिवर्तनीय) एवं सामान्य अनुदेशों की अधिक एवं अद्यतन जानकारी के लिये विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.ggu.ac.in का नियमित अवलोकन करें।

कुलसचिव



**छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक**
(भारत सरकार, राज्य शासन एवं भारतीय स्टेट बैंक का संयुक्त उपक्रम)
क्षेत्रीय कार्यालय- अम्बिकापुर, कुसुमतारा कॉम्प्लेक्स, द्वितीय तल, हनुमान गली, न्यू महामाया रोड, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)
Telephone :6232033095 , 6232033100, Email – adv.ro.amb@cgbank.in

**नियम- 8(1) कब्जा नोटिस (अचल सम्पति)**

जबकि वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत एवं धारा 13(12), 13(2) सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 एवं 9 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए **छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक** के निम्न अधोहस्ताक्षरकर्ता प्राधिकृत अधिकारी ने मांग सूचना पत्र जारी किया था, जिसमें निम्नलिखित उधार लेने वालों का उल्लिखित राशि ब्याज सहित नोटिस पावती की तारीख से 60 दिनों के भीतर भुगतान करने के लिए कहा गया था। इन उल्लिखित ऋणियों द्वारा राशि भुगतान करने में असफल हो जाने पर ऋणियों/जमानतदारों/बंधककर्ताओं और आमजनता को एतद् द्वारा नोटिस दिया जाता है कि उपरोक्त कथित एक्ट की धारा 13(4) के तहत उक्त पठित नियम हस्ताक्षरकर्ता ने उपरोक्तानुसार वर्णित सम्पत्ति का आधिपत्य की तिथि को अपने कब्जे (Symbolic) में ले लिया है। ऋणियों को विशेष रूप से एवं आम जनता को एतद् द्वारा सावधान किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति के बाबत किये गये कोई भी व्यवहार पर **छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक** के उपरोक्त राशि एवं उस पर ब्याज के अधीन भार (CHARGE) देय होगा।


| क्र. | ऋणी/जमानतदार का नाम शाखा का नाम | अचल संपत्ति का विवरण | मांग सूचना जारी तिथि एवं राशि (रू. में) | आधिपत्य की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | ऋणी- श्री मुकेश कुमार गुप्ता पुत्र- स्व. कन्हैया प्रसाद शाखाः कुसमी (छ.ग.) | **श्री मुकेश कुमार गुप्ता पुत्र- स्व. कन्हैया प्रसाद** के नाम पर प्लॉट नं./खसरा नं.- 544/8, प.ह.नं. 021, ग्राम- कंजिया, तहसील व पोस्ट- कुसमी, जिला- बलरामपुर- रामानुजगंज (छ.ग.) प्लॉट क्षेत्रफल- 0.024 हेक्टेयर में स्थित संपत्ति के वह समस्त भाग जिसमें भूमि और भवन शामिल है। **चौहद्दी नजरी मानचित्र द्वाराः उत्तर में-** मुकेश गुप्ता की भूमि, **दक्षिण में-** सड़क, **पूर्व में-** भारद्वाज की भूमि, **पश्चिम में-** सत्यनारायण गुप्ता की भूमि। | 19/05/2025 ₹ 16,29,881.00 + ब्याज + अन्य व्यय | 24/07/2025 |

**आस्तियों का प्रतिभूतिकरण तथा हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत 30 दिनों का विक्रय हेतु अनिवार्य सूचना**
ऋणियों/जमानतदारों/बंधककर्ताओं को सूचित किया जाता है कि इस नोटिस के छपने की तारीख से 30 दिनों के अंदर वे सम्पूर्ण ऋण राशि, ब्याज एवं खर्चों का भुगतान कर देवें अन्यथा उक्त वर्णित सम्पत्ति की नीलामी कर दी जावेगी तथा उसके बाद ऋण एवं ब्याज की वसूली खर्च सहित ऋणी एवं जमानतदारों से की जावेगी।

स्थान- अंबिकापुर (छ.ग.)
दिनांक- 24.07.2025

क्षेत्रीय प्रबंधक, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक
क्षेत्रीय कार्यालय, अंबिकापुर (छ.ग.)


## शब्द पहेली - 5938



**बाएँ से दाएँ**
1.उथल-पुथल, कोलाहल-4
5.अस्पताल-4
8.पक्षाघात-3
9.मिट्टी, धूल-2
11.पुष्प, फूल, सुमन-3
12.बुरे कार्य करनेवाला-4
14.जादू, तंत्र-मंत्र-2
15.सौत, सपत्नी-3
17.साड़ी के किनारे पर लगाया जानेवाला लंबा कपड़ा-2
19.नगर में रहनेवाले-5
22.गणपति, गणेश-5
25.बागवान-2
26.जुदा, पृथक्-3
27.जी, इच्छा-2
28.पहरेदार-4
30.सिसकना-3
31.रहस्य-2
33.सोना,धतूरा-3
35.हृदयगति, स्पंदन-4
36.फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान की मां का किरदार निभानेवाली अभिनेत्री-2,2

**ऊपर से नीचे**
2.उद्देश्य,गंतव्य-2
3.राम-सीता के पुत्र-2,2
4.टालना-2,3
5.स्याही रखने का पात्र-3
6.क्षार-2
7.सुंदरी (उर्दू-4)
10.जबरदस्ती-4
13.होशियार-3
16.पुत्र,बेटा-3
17.रस्सी के फंदे पर लटकाना-2
18.जान,जीवन-2
20.जहर, विष-3
21.अदालत में प्रस्तुत वाद-2
22.छोटा रास्ता, कूचा-2
23.अपवित्रता (उर्दू-3)
24.पक्षियों का शोर-4
25.मानसिक सोच-5
26.गुनाह,जुर्म-4
28.रखवाली करना-4
29.मुर्गा-3
32.मूल, पेड़ का वह हिस्सा जो जमीन में रहता है-2
34.आमिर खान, ट्विंकल खन्ना की फिल्म-2

मंगल सेनचा, बैंगलोर

**शब्द पहेली- 5937 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | त | था | क | थि | त | ■ | क | या | म | त |
| ना | प | ■ | ह | ■ | र | का | श्री | ■ | त | र |
| सु | ■ | त | या | य | फ | ■ | ला | वा | ■ | खा |
| ना | पा | क | ■ | ■ | दा | नी | ■ | दा | म | न |
| सि | ■ | दी | ■ | प | र | ■ | सा | ■ | हि | ■ |
| ब | ह | र | हा | ल | ■ | नि | रा | ला | प | न |
| ■ | र | ■ | नि | ■ | आ | शा | ■ | ज | ■ | ज |
| अ | म | र | ■ | अ | तं | ■ | ■ | वा | न | र |
| मा | ■ | मा | न | ■ | क | र | त | ब | ■ | बं |
| न | या | ■ | ज | ल | वा | ■ | ना | ■ | क | द |
| त | क | दी | र | ■ | द | शा | य | ता | र | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5948

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5947 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

अजब-गजब / अनुराग मनोंद्र

# हैरान करती अमेजिंग बिल्डिंग्स

बच्चो, आज हम तुम्हें दुनिया की कुछ ऐसी अजीबो-गरीब बिल्डिंग्स के बारे में बता रहे हैं, जिनको देखकर तुम यह सोचते रह जाओगे कि यह बिल्डिंग है या कोई जानवर है या फिर कुछ और है! इनमें से कुछ बिल्डिंग्स तो ऐसी हैं, जिन्हें देखकर तुम्हारी हंसी नहीं रुकेगी।



## डांसिंग कपल जैसा फ्रेड एंड जिंजर

**बच्चो, तुमने** लोगों को डांस करते हुए तो खूब देखा होगा। तुम खुद भी दोस्तों के साथ डांस करते होगे। इमेजिन करो कि तुम कहीं जा रहे हो और तुम्हें कोई बिल्डिंग डांस करती हुई-सी दिखे, इस पर पहले तो तुम्हें आश्चर्य होगा कि बिल्डिंग डांस कैसे कर सकती है? लेकिन चेक गणराज्य की राजधानी प्राग में एक ऐसी बिल्डिंग बनाई गई है, जिसे दूर से देखने पर ऐसा लगता है मानो, कोई कपल डांस कर रहा हो। इस अनोखी बिल्डिंग के आर्किटेक्ट फ्रैंक गेहरी ने इसे 'फ्रेड एंड जिंजर' नाम दिया। दूर-दूर से लोग प्राग की इस डांसिंग बिल्डिंग को देखने आते हैं। *

## जूते के आकार का हेंस शू हाउस

**जूते पैरों** में पहने जाते हैं लेकिन किसी को जूतों में रहने का विचार आए तो? अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में रहने वाले जूतों के विक्रेता महलोन हेंस ने 1948 में अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए जूते के आकार का एक हाउस बनवाया। इस शू-शेप्ड हाउस के अंदर जूते के पंजे वाले स्थान पर



लिविंग रूम, एड़ी वाले स्थान पर किचेन और टखने वाले स्थान पर दो बेडरूम बने हैं। इस शू-हाउस में एक छोटी-सी आइसक्रीम की शॉप भी है। इस अनोखे डिजाइन का हाउस बनवाने वाले महलोन हेंस के नाम पर ही इसका नाम 'हेंस शू हाउस' रखा गया। हेंस खुद तो कभी अपनी फैमिली के साथ इस हाउस में नहीं रह पाए, लेकिन इस अजब-अनोखे शू-शेप्ड हाउस में पर्यटक कुछ समय के लिए रह सकते हैं। *

## डॉग के शेप जैसा बीगल हाउस

**डॉग या** तरह-तरह के एनिमल्स शेप वाले खिलौनों से तो तुम खूब खेलते होगे। लेकिन जरा सोचो, तुम्हें अगर किसी डॉग-शेप्ड हाउस में रहने का मौका मिले तो? यकीन नहीं हो रहा न! लेकिन यह सच है। अमेरिका के इडाहो स्टेट में



कॉटनवुड नामक स्थान पर डॉग के आकार का यह अमेजिंग हाउस बनाया गया है। इस घर में गेस्ट्स के लिए फ्रिज, माइक्रोवेव, फ्री इंटरनेट और बाथ टब जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। यहां लोग अपने डॉगी को लेकर भी आते हैं, डॉगी के साथ इस डॉग-शेप्ड हाउस में ठहरते हैं। *

## मस्त होकर झूमता द क्रुक्ड हाउस

**पोलैंड के** सोपोट शहर में स्थित एक शॉपिंग सेंटर का एक हिस्सा कुछ इस तरह से डिजाइन किया गया है कि इसे अगर दूर से देखा जाए तो ऐसा लगता है मानो, यह बिल्डिंग मस्त होकर झूम रही है। इस बिल्डिंग का डिजाइन सोटिंस्की और जलेस्की नामक आर्किटेक्ट्स ने



तैयार किया था। बच्चो, जरा सोचो इस बिल्डिंग को डिजाइन करने वाले के मन में क्या खयाल आया होगा कि उन्होंने ऐसी झूमती हुई-सी बिल्डिंग डिजाइन की। अपने अनोखे क्रुक्ड (टेढ़ा-मेढ़ा), झूमते हुए से डिजाइन के करण यह पोलैंड के सबसे ज्यादा फोटोग्राफी किए जाने वाले स्थलों में से एक है। *

## शीप एंड डॉग बिल्डिंग

**डॉग शेप** वाले बीगल हाउस की तरह ही न्यूजीलैंड में दो बिल्डिंग्स आस-पास बनाई गई हैं। इनमें से एक शीप (भेड़) जैसी और एक डॉग के आकार की बिल्डिंग है। न्यूजीलैंड के 'तिराऊ' समुदाय में भेड़ और कुत्ते का खास महत्व है। भेड़ और कुत्ते के शेप में बनी ये दोनों बिल्डिंग्स भी 'तिराऊ' समुदाय के लोगों के बीच खास महत्व रखती हैं। ये अनोखी बिल्डिंग्स यहां आने वाले



पर्यटकों के लिए सूचना केंद्र के रूप में काम करती हैं। दोनों बिल्डिंग के स्टाफ पर्यटकों को आस-पास के दर्शनीय स्थलों के बारे में जानकारी देते हैं। साल 1990 में पहले यहां डॉग और शीप के आकार की दो बिल्डिंग्स बनाई गई थी। इन दोनों बिल्डिंग्स की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए वर्ष 2016 में इनके पास में ही मेल शीप (नर भेड़) के आकार की एक और बिल्डिंग बनाई गई। *

# फल-सब्जियों के रंगों का राज

बच्चो, क्या तुमने कभी सोचा है कि अलग-अलग फल और सब्जियां किसी विशेष रंग की ही क्यों होती हैं? आओ, आज हम तुम्हें कुछ फल-सब्जियों के रंगों की वजह बताते हैं।



एआई इमेज

जानकारी

शिवानी छाया

**ब**च्चो, स्वाद और पौष्टिकता से भरपूर रंग-बिरंगे फल और सब्जियां अपने भीतर मौजूद कुछ रसायनों की वजह से अपना विशेष रंग पाते हैं।

**कच्चे-पक्के आम का हरा-पीला रंग:** सबसे पहले बात 'फलों के राजा' आम की। स्वाद और पौष्टिकता से भरपूर आम जब कच्चा होता है, तब वह हरे रंग का दिखता है। पकने के बाद आम का रंग पीला, नारंगी या लाल हो जाता है। दरअसल, कच्चे आम में क्लोरोफिल अधिक मात्रा में पाया जाता है, इसलिए इसका रंग हरा दिखाई पड़ता है। जैसे-जैसे आम पकता जाता है, उसमें मौजूद क्लोरोफिल कम होता जाता है, वहीं दूसरी तरफ इसमें कैरोटिनॉयड्स का उत्पादन बढ़ता जाता है। अलग-अलग किस्म के कैरोटिनॉयड की मात्रा बढ़ने के कारण पकने पर आम का रंग पीला, नारंगी या लाल हो जाता है।



**लाल-लाल सेब:** पौष्टिकता से भरपूर सेब में कई प्रकार के विटामिन, मिनरल्स और अन्य कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। सेब के लाल रंग की बात करें तो इसमें एंथोसायनिन नामक पिगमेंट पाया जाता है, जिसकी वजह से इसका रंग लाल होता है।

**टमाटर क्यों होता है लाल:** खाने को स्वादिष्ट बनाने वाला टमाटर हर घर के किचेन में पाया जाता है। सलाद और सूप में भी इसका खूब इस्तेमाल होता है। इसमें विटामिन ए, विटामिन सी, विटामिन के, फाइबर, कैल्शियम जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। कच्चे टमाटर में क्लोरोफिल नामक फाइटोकेमिकल पाया जाता है, जिसकी वजह से इसका रंग हरा दिखता है। जैसे-जैसे टमाटर पकने लगता है, इसमें क्लोरोफिल की मात्रा कम होने लगती है, साथ ही लाइकोपीन नामक फाइटोकेमिकल की मात्रा बढ़ने लगती है। लाइकोपीन की वजह से ही टमाटर का रंग पकने के बाद लाल हो जाता है।

**अलग-अलग रंग के गाजर:** गाजर, विटामिन ए और विटामिन बी6 का महत्वपूर्ण स्रोत होता है। बाजार में अधिकतर पाए जाने वाले नारंगी गाजर की बात करें तो एक खास पिगमेंट (वर्णक) बीटा कैरोटीन की उपस्थिति के कारण गाजर नारंगी रंग का दिखता है। वहीं काले गाजर की बात करें तो इसमें एंथोसायनिन नामक रसायन की उपस्थिति होती है, इस कारण इसका रंग काला दिखाई देता

कविता / दिविक रमेश

# बिन गियर की भैंस



एआई इमेज

गांव गया
होलू ने देखा
बैठी चिड़िया
पीठ पे जमकर
भैंस की।
चल रही थी
मजे-मजे से
उधर मजे से
भैंस भी।
देख-देख
होलू ने सोचा-
क्या समझूं
सोचूं मैं क्या।
चल रही थी
भैंस या उसको
चला रही थी
चिड़िया क्या!
हंसा सोचकर
होलू आगे-
होता अगर
चिड़िया वह तो
डाल-डाल के
गियर तब तो
वह चलाता
भैंस को।
बात कही जब
जाकर होलू ने,
तो पापा यूं
हंसकर बोले-
समझो होलू
आजकल तो
बिन गियर के
अच्छी-अच्छी
गाड़ी चलती।
मुझे तो होलू
बिन गियर की
यह भैंस भी
सच्ची लगती।

## हंसगुल्ले



**रिंकी** : अगर हम गुलाब को चांद पर भेजेंगे तो उसे क्या बोलेंगे?

**पिंकी** : गुलाबजामुन।

**रिंकी** : कैसे?

**पिंकी** : 'गुलाब जा मून' ..ऐसे।

-तृप्ति, रायपुर

**रोहन** : शानू आठ दिन नहीं सोया, फिर भी वह पूरी तरह हेल्दी है, कैसे?

**सोहन** : कैसे?

**रोहन** : क्योंकि वह रात में सोता है।

-किंशुक, बिलासपुर

## जीके क्विज-163

1. स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में भारत का सबसे स्वच्छ शहर किसे चुना गया?
2. हरियाणा के नए राज्यपाल कौन बने हैं?
3. हाल ही में टेनिस का विंबलडन पुरुष एकल खिताब किस खिलाड़ी ने जीता?
4. यूक्रेन की नई प्रधानमंत्री का नाम क्या है?
5. सबसे पुराना वेद कौन-सा है?
6. भारत में दिया जाने वाला सर्वोच्च नागरिक सम्मान कौन-सा है?
7. किस मुगल शासक ने दिल्ली में लालकिला का निर्माण करवाया था?
8. हाल में किस फाइटर जेट को भारतीय वायु सेना से रिटायर करने का निर्णय लिया गया?
9. जबलपुर शहर किस नदी के किनारे बसा है?
10. अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की राजधानी कहां है?



बच्चो, जीके क्विज-163 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-162 का उत्तर :** 1.राकेश शर्मा, 2.अमेरिका, हंगरी और पोलैंड, 3.खान अब्दुल गफ्फार खान, 4.महात्मा गांधी, 5.चमगादड़, 6.रीता फारिया, 7.टेनिस, 8.हाइड्रोक्लोरिक एसिड, 9.बोधगया, 10.हरियाणा एवं पंजाब

**जीके क्विज-162 का सही उत्तर देने वाले :** स्वप्निल-जांजगीर, सौरभ-बिलासपुर, ताशु-ईमेल से, कबीर-हिसार, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, अंकित-दुर्ग, हर्षित-बेमेतरा




कहानी

आलोक कुमार दुबे

रोज-रोज नयन के लॉन में लगे फूल कोई चुपचाप तोड़कर ले जाता था। इस कारण उसकी दादी को पूजा के लिए फूल नहीं मिल पाते। परिवार के सभी लोग परेशान थे, आखिर सुबह-सुबह कौन फूल तोड़कर ले जाता है। इसे कैसे पता किया जाए? नयन ने अपनी सूझ-बूझ से ऐसी तरकीब निकाली कि बड़ी आसानी से फूल तोड़ने वाले का पता चल गया।

# नयन की सूझ-बूझ



**आ**ज फिर लॉन की चारदिवारी पर लगे फूल कोई तोड़ ले गया। ऐसा रोज का नियम बन गया था। बाहर लगे चांदनी, कनेर, गुड़हल के फूल गायब हो रहे थे। नयन की दादी को पूजा के लिए कुछ फूल चहिए होते हैं। जब नहा-धोकर वह बाहर फूल तोड़ने जातीं तो सारे फूल गायब मिलते, बस उनका मूड खराब हो जाता। कुछ देर तक बड़बड़ातीं।

सुबह के नाश्ते के समय दादी ने सबके सामने फूलों के तोड़े जाने की बात कही। इस समस्या का क्या हल निकाला जाए, इस बारे में दादी ने सभी की राय मांगी।

दादाजी ने कहा,'अब मैं टहलने नहीं जाऊंगा, बाहर ही कुर्सी डालकर बैठ जाऊंगा। फूलों की पहरेदारी करूंगा।'

पापा ने कहा, 'इतनी-सी बात के लिए हम इतने परेशान क्यों हों? माली से कह देंगे, वह रोज फूल की डलिया दे जाएगा।' किचेन से नयन की मम्मी ने भी पापा की बात से सहमति जताई, 'हां, यह ठीक रहेगा। मुझे तो सुबह से चाय, नाश्ते, टिफिन बनाने से ही फुरसत नहीं मिलती है। मैं फूलों की रखवाली कैसे करूंगी?'

नयन सबकी बातें बड़े ध्यान से सुन रहा था। उसके दिमाग में एक आइडिया कौंधा, बोला 'आज स्कूल से वापस आकर मैं कुछ तरकीब लगाऊंगा।' पास बैठी शिखा दीदी नयन को चिढ़ाते हुए बोली, 'तुम तो एक नंबर के आलसी हो। तुम क्या करोगे?'

'आलसी लोगों ने बड़े-बड़े कारनामे किए हैं। देखना, मैं क्या करता हूं।' नयन हंसते हुए बोला।

स्कूल से वापस आने के बाद नयन ने पापा के पुराने मोबाइल को ढूंढ़ा, जिसकी बैटरी खराब हो गई थी। इस कारण पापा अब उसे यूज नहीं करते थे। नयन ने उसे चार्ज करने के लिए लगाया, थोड़ी देर में वह चार्ज हो गया। अभी वह उसके फीचर देख ही रहा था कि फिर बैटरी कम हो गई। इसका मतलब इसे लगातार चार्जिंग पर लगा कर काम में लाया जा सकता है। मोबाइल की इंटरनल मेमोरी चौसठ जी.बी. थी। इसका मतलब है कि इसमें कई घंटे की वीडियो रिकॉर्डिंग की जा सकती है। उसने मन ही मन अनुमान लगाया।

अब सवाल यह था कि इसे किस तरह और कहां लगाया जाए, जिससे किसी को पता न चले कि उस पर नजर रखी जा रही है। नयन ने घर की चारदिवारी से लेकर गेट तक का अच्छी तरह निरीक्षण किया। गेट के ऊपर बल्ब लगाने का स्थान था, जिसके ऊपर जालीदार आवरण था। उसने आवरण को सावधानी से हटाया, बल्ब के होल्डर में तार कनेक्ट करके एक सॉकेट लगाया, अब इसमें चार्जर को लगाया जा सकता था। चार्जर लगा कर मोबाइल को जालीदार आवरण में इस प्रकार लगाया कि उसका कैमरा बाहर की तरफ रहे।

थोड़ी देर वीडियो रिकॉर्डिंग करके देखी, अब चारदिवारी पर लगे सारे फूलों को छूकर देखा, वीडियो रिकार्डिंग में वह साफ नजर आ रहा था। फिर यह काम बंद कर के उसने अपना होमवर्क किया और खेलने चला गया।

नयन ने रात में सोने से पहले सुबह 4 बजे का अलार्म लगा दिया। सुबह उठ कर उसने मोबाइल की रिकॉर्डिंग शुरू कर दी और वापस जाकर सो गया।

सुबह फिर दादी स्नान करने के बाद पूजा के लिए फूल तोड़ने गईं तो फूल गायब थे। आज रविवार का दिन था, इसलिए नयन आराम से सोकर उठा था। उसने दादी से कहा, 'दादी, आप थोड़ी देर रुकिए, मैं अभी आपके फूलों को तोड़ने वाले को आपके सामने लाता हूं।' नयन ने मोबाइल को सावधानी पूर्वक गेट के ऊपर से निकाला और रिकॉर्डिंग देखनी शुरू की।

सुबह के पांच बजे फूलों के पास डलिया लिए कोई फूल तोड़ते हुए दिखा, 'अरे! यह तो अपनी पड़ोस वाली दादी हैं, जो आराम से सारे फूल तोड़कर चली जा रही हैं।' नयन ने दादी को वह वीडियो क्लिप दिखाई तो दादी ने हंसते हुए कहा, 'जा अब तू ही पड़ोस में जा कर शर्मा दादी के पैर छू कर थोड़े फूल मांग ला और कह देना, दादी ने कहा है कि हर रोज कुछ फूल मेरे लिए भी तोड़ कर रख लिया करें।' दादी ने नयन की होशियारी के बारे में घर में सभी को बताया। नयन की सूझ-बूझ पर सभी ने उसकी पीठ थपथपाई। *

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश


# शिक्षा का महत्व बताती कहानी

**ब**च्चो, ढेर सारे चित्रों से सजी लंबी कहानी वाली किताब है-रेवा। इसमें एक लड़की रेवा और उसके दोस्त पलाश की कहानी है। दोनों बातूनी बच्चे आपस में ढेरों बातें करते हैं और एक-दूसरे से सवाल भी। लेकिन बहुतेरी बातों के जवाब सिर्फ पलाश के पास रहते हैं। इसका रहस्य है, उसके चाचा जी, जो खूब किताबें पढ़ते हैं और अकसर पलाश को उनके बारे में बताते हैं। रेवा के पास ऐसी कोई सुविधा नहीं है। उसके घर में पैसों की तंगी भी है। तभी अचानक मकान का किराया न दे पाने के कारण रेवा के परिवार को अपना घर छोड़ना पड़ता है। नई स्थिति से रेवा उलझन में पड़ जाती है। उसकी पढ़ाई छूट जाती है और उसे मजदूरी करनी पड़ती है। वह अब शर्म से पलाश से भी मिलने से बचती है। लेकिन एक दिन पलाश घासमंडी में घास का गट्ठर लिए हुए रेवा को देख लेता है। तब अपनी इस स्थिति के पीछे की वजह के बारे में रेवा उसे जो कुछ बातें बताती है, उनके बारे में जानकर पलाश सन्न रह जाता है। ये सब बातें क्या हैं? इनके बारे में जानने के लिए तुमको यह किताब पढ़नी होगी। इस किताब को पढ़कर तुम यह भी जान सकोगे कि पढ़ना-लिखना कैसे हमारे ज्ञान के दरवाजे खोलता है, जबकि गरीबी कैसे बहुत से रास्ते बंद कर देती है। *




**किताब**-रेवा, **लेखक**-प्रभात, **चित्र**-प्रियंकर गुप्ता, **मूल्य**-75 रुपए, **प्रकाशक**-एकलव्य फाउंडेशन, भोपाल

## रंग भरो 181



बच्चो, यहां दिए गए चित्र में एक खरगोश खेत से गाजर उखाड़ कर ले जा रहा है। तुम इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## रंग भरो-180

**रंग भरो-180** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





डिंपल, दुर्ग



मन्वय, रायगढ़



रितिका, बिलासपुर



वेदिका, बालोद



तेजस, रायपुर



अनन्या, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

निष्ठा-कबीरधाम, अंकित-धमतरी, प्रियंका-रायपुर, लोकेश-जबलपुर, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दीपू-करनाल, विकास-बिलासपुर, रोशनी-कोरबा, दीपक-बालोद

## खबर संक्षेप

### उत्तर प्रदेश में तिलहन की खेती का रकबा बढ़ा



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में तिलहन और दलहन की खेती को बढ़ावा देने के प्रदेश सरकार के प्रयास रंग लाने लगे हैं। कृषि विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, खरीफ के मौजूदा सीजन में 21 जुलाई तक तिलहन की सभी प्रमुख फसलों तिल, मूंगफली और सोयाबीन की बुवाई का रकबा पिछले सीजन की तुलना में करीब सवा गुना तक बढ़ा है।

### आदित्य इन्फोटेक का आईपीओ 29 जुलाई को खुलेगा




**नई दिल्ली।** 'सीपी प्लस' ब्रांड के तहत वीडियो सुरक्षा और निगरानी उत्पाद पेश करने वाली कंपनी आदित्य इन्फोटेक का लक्ष्य आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये 1,300 करोड़ रुपये जुटाने का है। बयान के अनुसार, कंपनी ने इस आईपीओ के लिए 640-675 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है।

### मारुति सुजुकी का वाहन निर्यात 96 हजार इकाई पार

MARUTI SUZUKI

**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 96,000 से ज़्यादा गाड़ियों का निर्यात किया है। कंपनी ने बताया कि उसका मॉडल फ्रॉन्क्स भारत से सबसे तेजी से एक लाख इकाई के निर्यात को पार करने वाला स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) बन गया है।

### सात कंपनियों को आईपीओ लाने की मंजूरी मिली



**नई दिल्ली।** शिक्षा-प्रौद्योगिकी कंपनी फिजिक्सवाला और सात्विक ग्रीन एनर्जी समेत सात कंपनियों को अपने आईपीओ लाने की बाजार नियामक सेबी से मंजूरी मिल गई है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक 'अपडेट' में कहा कि इन सात कंपनियों को आईपीओ के जरिये पूंजी जुटाने के लिए नियामकीय टिप्पणियां दी गई हैं।

### श्री लोटस डेवलपर्स का आईपीओ 30 को खुलेगा




**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के कलाकारों और प्रसिद्ध निवेशक आशीष कचोलिया द्वारा समर्थित रियल एस्टेट कंपनी श्री लोटस डेवलपर्स का 792 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 30 जुलाई को खुलेगा। कंपनी ने बृहस्पतिवार को इसके लिए मूल्य दायरा 140-150 रुपये प्रति शेयर तय किया है।

### मेकमाईट्रिप का नया बुकिंग 130 देशों में देगा सुविधाएं




**नई दिल्ली।** ऑनलाइन यात्रा सेवाएं देने वाली कंपनी मेकमाईट्रिप ने बृहस्पतिवार को वैश्विक अनुभव खंड में कदम रखने की घोषणा की। इसके लिए कंपनी ने सैर-सपाटे एवं आकर्षक स्थलों की बुकिंग का एक नया मंच भी पेश किया। इस बुकिंग मंच के जरिये 130 देशों के 1,100 शहरों में दो लाख से अधिक बुकिंग योग्य गतिविधियों तक पहुंच हासिल की जा सकती है। मेकमाईट्रिप ने बयान में कहा कि यह मंच भारतीय यात्रियों को वैश्विक अनुभवों की तलाश और उनकी बुकिंग की सुविधा देता है।

# मेटा की 44 लोगों की सुपरइंटेलिजेंस टीम में दो भारतीय भी शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मेटा ने आर्टिफिशियल जनरल इंटेलिजेंस के निर्माण के लिए एक खास टीम बनाई है, जिसे 'सुपरइंटेलिजेंस' नाम दिया गया है। इस टीम में दुनिया की कई बड़ी कंपनियों जैसे ओपनएआई, गूगल डीपमाइंड और एंथ्रोपिक से 44 विशेषज्ञों को जोड़ा गया है।

इन लोगों को करोड़ों डॉलर के पैकेज दिए जा रहे हैं। इस टीम में 2 भारतीयों को भी शामिल किया गया है, जिनका नाम त्रपित बंसल और हम्माद सैयद है। इस टीम में अलग-अलग पृष्ठभूमियों के तकनीकी विशेषज्ञ शामिल किए गए हैं और इसे मेटा की अब तक की सबसे बड़ी एआई पहल माना जा रहा है।

## सालाना पैकेज 10 से 100 करोड़ डॉलर यानी 800 से 8500 करोड़ रुपए

### त्रपित बंसल रह चुके हैं एआई शोधकर्ता

त्रपित मेटा की सुपरइंटेलिजेंस टीम का हिस्सा बनने से पहले ओपनएआई में एआई शोधकर्ता रह चुके हैं। उन्होंने आईआईटी कानपुर से गणित और सांख्यिकी में मास्टर्स किया है। इसके बाद उन्होंने अमेरिका के मैसाचुसेट्स एमहर्स्ट विश्वविद्यालय से कंप्यूटर विज्ञान में मास्टर्स और फिर पीएचडी की। उनका शोध मुख्य रूप से नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग, डीप लर्निंग और मेटा-लर्निंग जैसे क्षेत्रों में रहा है, जो एआई विकास के लिए बेहद अहम और उपयोगी माने जाते हैं।








### मेटा की योजना और भारी वेतन पैकेज

रिपोर्ट्स के अनुसार, मेटा की सुपरइंटेलिजेंस टीम में शामिल इन 44 लोगों को 10 से 100 करोड़ डॉलर (800-8,500 करोड़ रुपये) से तक का सालाना भुगतान किया जा रहा है। इस टीम का लक्ष्य दुनिया में सबसे एडवांस्ड एजीआई बनाना है जो सोचने-समझने में इंसानों से भी आगे हो।

### हम्माद सैयद खुद ही हैं एक संस्था के सीईओ

हम्माद सैयद प्ले.एचटी नामक वॉइस जेनरेशन प्लेटफॉर्म के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं। यह प्लेटफॉर्म टेक्स्ट को इंसानी जैसी आवाज में बदलने का काम करता है, जो आज की एआई तकनीक में बेहद उपयोगी है। उनकी लिंक्डइन प्रोफाइल के मुताबिक, उन्होंने सर एम विश्वेश्वरैया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, बैंगलोर से पढ़ाई की है। टेक्नोलॉजी और स्टार्टअप्स में रुचि रखने वाले हम्माद अब मेटा की इस बेहद खास एआई टीम का हिस्सा बन चुके हैं।

## ट्रंप ने भारतीयों को नौकरियां देने पर रोक लगाई

# अमेरिकी कंपनियों के चीन में कारखाने लगाने भारत में लोगों को काम देने के दिन लद गए

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क/वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन में कारखाने लगाने और भारत में लोगों को काम पर रखने के लिए अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियों की आलोचना की और आगाह किया कि उनके राष्ट्रपति कार्यकाल में ऐसा करने के ''दिन अब लद चुके हैं। ट्रंप ने यह टिप्पणी बुधवार को एआई शिखर सम्मेलन में की, जहां उन्होंने कृत्रिम मेधा (एआई) से संबंधित तीन कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर किए।

इसमें एआई के उपयोग के लिए व्हाइट हाउस (अमेरिकी राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) की कार्य योजना भी शामिल है। इन सभी के बीच उन्होंने अपने ही देश में अपने साथी नागरिकों को बरगलाने और यहां तक कि उन पर 'सेंसरशिप' (नियंत्रित करने) लगाने का काम किया है।

### ट्रंप भारत के खिलाफ लगातार उगल रहे जहर

गौरतलब है कि डोनल्ड ट्रंप जबसे व्हाइट हाउस पहुंचे हैं, सिर्फ भारत के खिलाफ ही काम कर रहे हैं। उनके बयान भी सिर्फ भारत के खिलाफ ही निकल रहे हैं। एक बार फिर उन्होंने भारत के खिलाफ जहर उगला है। उन्होंने कहा कि अब वो दिन लद चुके हैं कि अमेरिकी कंपनियां चीन में अपना कारखाना लगाएं और भारतीयों को नौकरियां दें। उन्होंने अमेरिकी कंपनियों को भी चेतावनी दी और कहा कि ऐसा करने के दिन खत्म हो चुके हैं, उनके कार्यकाल में ऐसा हरगिज नहीं चलेगा।

### मेरी पॉलिसी ही है अमेरिका फर्स्ट : ट्रंप



राष्ट्रपति ट्रंप ने टेक इंडस्ट्री के 'ग्लोबल माइंडसेट' की आलोचना की। उन्होंने कहा कि इस रवैये की वजह से कई अमेरिकी उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा ट्रंप की पॉलिसी ही 'अमेरिका फर्स्ट' की है, जिसके तहत वह सबसे पहले अमेरिकी नागरिकों और देश का भला चाहते हैं। ट्रंप ने दावा किया कि कुछ टॉप अमेरिकी कंपनियों ने देश से मुनाफा कमाया और देश के बाहर भारी निवेश किया है।

**अमेरिकी कंपनियों को चीन में कारखाने लगाने से मना किया**

**एआई निर्यात को बढ़ावा देने के लिए ट्रंप ने तीन आदेशों पर हस्ताक्षर किए**

### एआई की दौड़ जीतने नई भावना की आवश्यकता

ट्रंप ने कहा, '' एआई की दौड़ जीतने के लिए सिलिकॉन वैली और उससे भी आगे तक देशभक्ति और राष्ट्रीय निष्ठा की एक नई भावना की आवश्यकता होगी।'' उन्होंने कहा, '' हमें अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियों की जरूरत है जो अमेरिका के लिए पूरी तरह से समर्पित हों। हम चाहते हैं कि आप अमेरिका को प्राथमिकता दें। आपको ऐसा करना ही होगा। हम बस यही चाहते हैं।''

### लाखों अमेरिकी नागरिक ठगा महसूस करते रहे

उन्होंने कहा कि बहुत लंबे समय तक अमेरिका का अधिकतर प्रौद्योगिकी उद्योग ''कट्टरपंथी वैश्वीकरण'' का अनुसरण करता रहा, जिसके कारण लाखों अमेरिकी ''ठगा'' महसूस करते रहे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा हमारी कई बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों ने चीन में अपने कारखाने बनाकर, भारत में मजदूरों को नौकरी देकर और आयरलैंड में मुनाफे में कटौती करके अमेरिकी आजादी का फायदा उठाया है।

### एआई से संबंधित आदेशों पर किए हस्ताक्षर

ट्रंप ने इस मौके पर एआई से संबंधित तीन कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर किए। इसमें व्हाइट हाउस कार्ययोजना भी शामिल है, जो अमेरिकी एआई प्रौद्योगिकी 'पैकेज' के निर्यात को बढ़ावा देकर अमेरिकी एआई उद्योग को समर्थन देने के लिए एक समन्वित राष्ट्रीय प्रयास स्थापित करता है।

# गोवा की फेनी, केरल की ताड़ी को मिलेगी ब्रिटेन में जगह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गोवा की फेनी, नासिक की वाइन और केरल की टोडी (ताड़ी) सहित भारत के अनूठे पारंपरिक पेय पदार्थों को ब्रिटेन में मान्यता मिलने वाली है। दोनों देशों ने बृहस्पतिवार को ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके साथ ही विशिष्ट प्रकार के अल्कोहल-आधारित भारतीय पेय पदार्थों को न केवल अपने पारंपरिक भौगोलिक संकेतक (जीआई) संरक्षण का लाभ मिलेगा, बल्कि ब्रिटेन जैसे विकसित बाजारों में भी उनकी पहुंच होगी, जहां प्राकृतिक और जैविक उत्पादों की मांग बढ़ रही है। ये पेय पदार्थ ब्रिटिश पेय पदार्थों को अपना अनूठा स्वाद, विशिष्ट स्वाद और विरासत प्रदान करेंगे। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि भारत वर्तमान में अल्कोहल वाले पेय पदार्थों के निर्यात के मामले में दुनिया में 40वें स्थान पर है, और आने वाले वर्षों में दुनिया के शीर्ष 10 निर्यातकों में शामिल होने का लक्ष्य है। एफटीए न केवल स्कॉच व्हिस्की और अन्य के साथ पारंपरिक भारतीय पेय पदार्थों को ब्रिटेन में जगह दिलाने में मदद करेगा, बल्कि आतिथ्य जैसे विशिष्ट माध्यमों का पता लगाने में भी मदद करेगा।



■ मुक्त व्यापार समझौते से होगा लाभ

### जीआई सुरक्षा के साथ वैश्विक स्तर पर मिलेगी पहचान

अधिकारी ने आगे कहा, ''गोवा की फेनी, नासिक की विशिष्ट वाइन और केरल की ताड़ी जैसे भारतीय पेय अब भौगोलिक संकेतक (जीआई) सुरक्षा के साथ ब्रिटेन में जगह बना पाएंगे। यह सरकार के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन होगा, जो वैश्विक बाजारों में भारतीय अल्कोहल वाले पेय पदार्थों के निर्यात को बढ़ावा दे रही है।

### सरकार को निर्यात बढ़ने की उम्मीद

यह एक नया क्षेत्र है, सरकार को उम्मीद है कि देश का अल्कोहल वाले पेय पदार्थों का निर्यात मौजूदा 37.05 करोड़ डॉलर से बढ़कर वर्ष 2030 तक एक अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। इससे पहले अप्रैल में, एपीडा ने कहा था कि भारतीय अल्कोहल पेय पदार्थों की वैश्विक बाजारों में अपार संभावनाएं हैं और देश के पास दुनिया को देने के लिए जिन, बीयर, वाइन और रम सहित कई अच्छे उत्पाद हैं।

# 227 किमी रेंज के नए ब्रांड के साथ आया इलेक्ट्रिक थ्री व्हीलर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लोहिया समूह के योद्धा ब्रांड ने देश में ही डिजाइन किया हुआ इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर -योद्धा ईपॉड बाजार में उतारा है, जो कंपनी के अनुसार एल5 श्रेणी (तिपहिया ईवी श्रेणी) में अगली पीढ़ी का यात्री वाहन है। कंपनी ने बताया कि इसे जिसे पूरी तरह से देश में ही डिजाइन और निर्मित किया गया है तथा इसे सड़कों और मौसम के हिसाब से तैयार किया गया है। कंपनी का दावा है कि मुनासिब कीमत का एक मजबूत वाहन है। इसके रखरखाव का चर्चा में कम है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आयुष लोहिया ने कहा कि हम सिर्फ एक वाहन नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और सम्मान के साथ कमाई का ज़रिया पेश कर रहे हैं। योद्धा ईपॉड अच्छी तकनीक और भरोसे का वाहन है।

### एक बार चार्ज करने पर चलेगी 227 किलोमीटर

कंपनी ने बताया कि यह वाहन एक बार चार्ज करने पर करीब 227 किलोमीटर तक की दूरी तय कर सकता है। इसमें 11.8 केडब्ल्यूएच की लिथियम-आयन बैटरी, छह किलोवॉट की मोटर, 55 एनएम का टॉर्क और वाटर वेडिंग कैपेसिटी 300 मिमी तक की दी गई है। योद्धा ईपॉड का निर्माण उत्तराखंड के काशीपुर स्थित अत्याधुनिक संयंत्र में किया गया है, जिसकी वार्षिक उत्पादन क्षमता एक लाख यूनिट की है।



# ब्लिंकिट 10 मिनट में एम्बुलेंस सेवा का और कर रही विस्तार

**नई दिल्ली।** जोमैटो अपनी 10 मिनट एम्बुलेंस सेवा को और बेहतर बनाने में जुटी है, जो फिलहाल गुरुग्राम में ब्लिंकिट के जरिए चल रही है। जोमैटो के सह-संस्थापक दीपिंदर गोयल ने आज एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि ब्लिंकिट इन-हाउस पैरामेडिक प्रशिक्षण के साथ एम्बुलेंस सेवा को बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि यह अब तक की सबसे कठिन और संसाधन-गहन चुनौती है, लेकिन वे पीछे नहीं हटेंगे और इसे सफल बनाएंगे।


## Directorate Of Rural Insdustry (Handloom)

**Fourth Floor, Block -1 Indrawati Bhawan, Nava Raipur**

Ph-0771-2511766/2511881 Email- handloomraipur@gmail.com

No./HND-/SCDP/Desinger/F-150/2025&26/981 Nava Raipur Date 23.07.2025

**INVITING EXPRESSION OF INTERESTS for DESIGNER (Second Call)**

Expression of Interest are invited for engaging Textile Designer in Small Cluster Devlopment Programme at Kurud (Bhakhara) Distt- Dhamtari and Ambagarh Chowki Distt- Mohala-Manpur-Ambagarh Chowki under National Handloom Devlopment Programme.

The designer should be passd out from NIFT/NID or from any Insitiute of repurte. Applixant should have at least 2 yrs. Experience of working as Textile Designer, preferably with experience of working in handloom and should have track record for promotion and development of textile including handlooms. The designer will be selected through evaluation of his/her profile and experience in the relevant sector. The detail of eligibility criteria, broad Term of Reference (ToR), guidelines for submission of Eols and other term and condition are available on the website www.ruralindustries.cg.gov.in.

The elegible candidate interested in rendering their services as Designer may submit Eol in sealed envelope, superscribing the title "Eol for engaging Designer at SCDP Kurud (Bhakhara) Distt- Dhamtari and Ambagarh Chowki Distt- Mohala-Manpur-Ambagarh Chowki "within 21 days of the date of advertisement to "Director, Directorate of Rural Industry (Handloom Division), Indrawati Bhawan, Block-A, Fourth Floor, Nava Raipur Atal Nagar 492002.

**(Shaym Dhawde) IAS**
**Director**
**Rural Industry Handloom**
**Chhattisgarh Raipur**

जी-252602361/4



**punjab national bank पंजाब नैशनल बैंक**

## आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा, रायपुर (छ.ग.)

### कब्जा नोटिस (अचल संपत्तियों हेतु)

जबकि, अधोहस्ताक्षरी, जो कि पंजाब नैशनल बैंक के प्राधिकृत अधिकारी हैं, ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित का (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित उधारकर्ता एवं जमानतदार को डिमांड नोटिस की तिथि एवं राशि नीचे में दर्शायी गयी है, उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने जारी किय गया। उधारकर्ता द्वारा उक्त राशि चुकाने में असफल होने के कारण, एतदद्वारा उधारकर्ता, जमानतदार को एवं जनता को सामान्य रूप से नोटिस दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 9 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त् अधिकार का प्रयोग करते हुए यहां नीचे संपत्ति का कब्जा निम्नांकित दिनांक को ले लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता, जमानतदार और जनसामान्य को एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबधित कोई लेन देन नहीं करें। निम्नलिखित संपत्ति से संबधित किसी भी प्रकार का लेन देन इस पर वर्णित बकाया राशि के लिये पंजाब नैशनल बैंक के निर्मित प्रभार के अध्यधीन होगी।
प्रतिभूत आस्ति के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता / जमानतदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है.

| क्र. | उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता का नाम एवं पता व शाखा का नाम | 1) मांग सूचना की तिथि/2) कब्जे की तिथि | बकाया राशि | अचल संपत्तियों का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **उधारकर्ता- श्री मुन्ना खान** पिता स्व. अमीनुद्दीन खान, खसरा नंबर 366/33 एवं 367/19, अमरैयापारा, शारदा विहार, वार्ड नंबर 12, कोरबा (छ.ग.) पिन: 495677, **शाखा- मुख्य शाखा टीपी नगर, कोरबा (231900)** | (1) 15.04.2025 (2) 24.07.2025 | रू 53,28,869.41/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे | खसरा नं 366/33 एवं 367/19, अमरैयापारा, शारदा विहार वार्ड नं 12, कोरबा (छ.ग.) पिन 495677 में क्षेत्रफल- 2070.76 वर्गफीट पर स्थित आवासीय मकान, मालिकाना हक- श्री मुन्ना खान पिता स्वर्गीय अमीनुद्दीन खान। सीमाएं :- उत्तर- सड़क, दक्षिण- सुनील शर्मा की भूमि, पूर्व- बलदेव सिंह का मकान, पश्चिम- गंगाधर का मकान |
| 2. | **उधारकर्ता- श्री दिनेश चावरिया, सह-उधारकर्ता- श्रीमती बीना देवी** पति कन्हैया लाल चावरिया, **जमानतदारों / बंधककर्ताओं- श्री पुरूषोत्तम लाल** पिता स्व. कन्हैया लाल, **श्रीमती सपना सौदाई** पिता स्व. कन्हैया लाल, **श्रीमती सावन, दिव्या** पति दिग्विजय कुमार दिव्या, **श्रीमती कौशल्या चावरिया** पिता स्व. कन्हैया लाल, निवासी मकान नं. 488 गोकुलगंज, सीतामणी वार्ड 5, कोरबा (छ.ग.) पिन: 495678, **शाखा- मुख्य शाखा टीपी नगर, कोरबा (231900)** | (1) 15.10.2024 (2) 23.07.2025 | रू 24,11,692.48/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे | खसरा नं. 385/11(नया), 385/10(पुराना), मुड़ापारा रोड वार्ड क्र. 26 कोरबा में क्षेत्रफल 6 डिसमिल या 2616 वर्गफुट पर स्थित भूमि एवं भवन, मालिकाना हक (जमानतदारों / बंधककर्ताओं)- 1. श्री दिनेश चावरिया पिता स्वर्गीय कन्हैया लाल, 2. श्रीमती बीना देवी पति स्वर्गीय कन्हैया लाल, 3. श्री पुरूषोत्तम लाल पिता स्वर्गीय कन्हैया लाल 4. श्रीमती सपना सौदाई पिता स्वर्गीय कन्हैया लाल 5.श्रीमती सावन दिव्या पिता स्वर्गीय कन्हैया लाल 6.श्रीमती कौशल्या पिता स्वर्गीय कन्हैया लाल। सीमाएं: उत्तर- राजेंद्र निर्मलकर का मकान, दक्षिण - सीसी रोड, पूर्व- वी.पी. तंबोली का मकान, पश्चिम- 80' चौड़ी सड़क |

दिनांक: 25.07.2025, स्थान- कोरबा

प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक



## छत्तीसगढ़ शासन, वन विभाग दन्तेवाड़ा वनमण्डल, दन्तेवाड़ा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जगदलपुर वृत्त के अन्तर्गत दन्तेवाड़ा काष्ठागार में उपलब्ध नीचे ईमारती के नये/पुराने काष्ठ का ई-ऑक्शन द्वारा निवर्तन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि, वे ई-ऑक्शन में भाग लेवें। ई-आक्शन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय/केन्द्रीय काष्ठागार दन्तेवाड़ा से प्राप्त की जा सकती है।

1. नीलाम दिनांक-04-08-2025, 2. नीलाम स्थल का नाम-केन्द्रीय काष्ठागार दन्तेवाड़ा (आंवराभाठा)
3. डिपो का नाम जहां वनोपज रखी गई है-केन्द्रीय काष्ठागार दन्तेवाड़ा (आंवराभाठा), 4. नीलाम समय- 09:00 बजे पूर्वान्ह से

| प्रजाति | नयी काष्ठ | | | | पुरानी काष्ठ | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | नग | घ.मी | बल्ली | डेंगरी | नग | घ.मी | बल्ली | डेंगरी |
| सागौन | 598 | 77.519 | 7 | 6 | 2813 | 299.994 | 155 | 91 |
| साल | 0 | 0.000 | 0 | 0 | 797 | 63.506 | 58 | 50 |
| बीजा | 107 | 15.883 | 0 | 0 | 979 | 100.594 | 8 | 34 |
| साजा | 78 | 11.697 | 0 | 0 | 301 | 32.484 | 81 | 29 |
| हल्दू | 39 | 8.987 | 0 | 0 | 42 | 4.773 | 0 | 0 |
| धावड़ा | 202 | 31.467 | 0 | 0 | 138 | 16.748 | 47 | 22 |
| शिवना | 2 | 0.555 | 0 | 0 | 6 | 0.311 | 0 | 0 |
| निलगिरी | 2 | 1.250 | 0 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0 |
| तिन्सा | 8 | 0.977 | 0 | 0 | 17 | 1.032 | 0 | 0 |
| अन्य | 89 | 15.739 | 0 | 66 | 431 | 40.920 | 510 | 81 |
| सागौन चिरान | 128 | 1.455 | 0 | 0 | 184 | 2.270 | 0 | 0 |
| बीजा चिरान | 17 | 0.421 | 0 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0 |
| अन्य जलाऊ चट्टा (नग में) | 0 | 0.000 | 0 | 0 | 252 | 0.000 | 0 | 0 |
| योग :- | 1270 | 165.950 | 7 | 72 | 5960 | 562.632 | 859 | 307 |

1. क्रेताओं को ई-ऑक्शन से पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य हैं।
2. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य हैं।
3. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉग इन करके देख सकते हैं।
4. ई- ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकण्ड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा।

**वनमण्डलाधिकारी**
**दन्तेवाड़ा वनमण्डल, दन्तेवाड़ा**

जी.-252602352/4



## कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर

**(केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

**Main Portal: https: // eproc.cgstate.gov.in**

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| स. क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक/ दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 172258 प्रथम आमंत्रण 17.07.2025 | सी.जी.आर.आई.डी.सी.एल. अंतर्गत जिला रायगढ़ नरकालो-बायसी मार्ग के माण्ड नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण कार्य, शेष कार्य। | 708.40 |
| 2 | 172261 प्रथम आमंत्रण 17.07.2025 | सी.जी.आर.आई.डी.सी.एल. अंतर्गत जिला रायगढ़ के तुरेकेला-तिउर मार्ग में सपनई नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण कार्य, शेष कार्य। | 210.93 |
| 3 | 172277 प्रथम आमंत्रण 17.07.2025 | जिला सुकमा के गादीरास से राउतपारा मार्ग के कि.मी. 1/4 में मलगेर नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य का शेष कार्य। | 264.93 |
| 4 | 172280 पंचम आमंत्रण 18.07.2025 | जिला रायगढ़ के रायगढ़ बायपास, गोवर्धनपुर रामपुर मार्ग में केलो नदी पर निर्मित पुल के स्लैब के पुर्ननिर्माण हेतु कार्य। | 235.75 |
| 5 | 172281 द्वितीय आमंत्रण 18.07.2025 | नाबार्ड योजनांतर्गत जिला-बीजापुर, ब्लॉक-भैरमगढ़ के अंतर्गत नेलसनार से डारापाल (शेष कार्य) तक मार्ग निर्माण कार्य पुल-पुलिया सहित लंबाई 5.40 कि. मी.। | 559.92 |
| 6 | 172282 द्वितीय आमंत्रण 18.07.2025 | जिला बेमेतरा के ताकम डोंगाघाट से डंगनिया बस्ती मार्ग के शिवनाथ नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 1529.66 |
| 7 | 172283 द्वितीय आमंत्रण 18.07.2025 | झाल से नगपुरा पहुंच मार्ग लंबाई 17.61 कि.मी. का निर्माण कार्य। | 2991.92 |
| 8 | 172311 प्रथम आमंत्रण 18.07.2025 | जिला बीजापुर के ब्लॉक उसूर के अंतर्गत आवापल्ली में शासकीय महाविद्यालय भवन निर्माण कार्य, विद्युतिकरण सहित। | 451.98 |
| 9 | 172316 प्रथम आमंत्रण 18.07.2025 | अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर में कुलपति निवास भवन, कुलसचिव निवास भवन, कन्या छात्रावास 160 सीटर भवन का निर्माण, वा.स.से. फि. विद्युतीकरण, बाउण्ड्री वाल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। जमा मद कार्य। | 827.16 |
| 10 | 172320 प्रथम आमंत्रण 21.07.2025 | जिला कोण्डागांव के वनउसरी से एन.एच. 30 से नारंगी नदी तक मार्ग लंबाई 1/2 से 5/6 = 3.825 कि.मी. पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य। | 431.60 |
| 11 | 172347 प्रथम आमंत्रण 21.07.2025 | जिला कोण्डागांव के डोंगरीगुड़ा से जाबा मार्ग लंबाई 2.10 कि.मी. पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य। | 245.31 |
| 12 | 172349 प्रथम आमंत्रण 21.07.2025 | जिला कोण्डागांव के भीरावण्ड से बोलबोला मार्ग लंबाई 3.425 कि.मी. पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य । | 515.21 |
| 13 | 172425 द्वितीय आमंत्रण 21.07.2025 | जिला सक्ती के डड़ाई से देवरी देवरमाल मार्ग पर कोतरी नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 194.84 |
| 14 | 172427 द्वितीय आमंत्रण 21.07.2025 | जिला सूरजपुर के सूरजपुर के वि.ख. रामानुजगंज (रामानुजनगर) मुख्य मार्ग कौशलपुर से भैसामुड़ा पहुंच मार्ग लं. 12.22 कि.मी. निर्माण कार्य। | 1276.44 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथी सं.क्र. 04 दिनांक 29.07.2025, सं.क्र. 05 से सं.क्र. 07 दिनांक 04.08.2025, सं.क्र. 10 से सं.क्र. 12 दिनांक 13.08.2025 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 08.08.2025 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

**मुख्य अभियंता**
**केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ**
**कार्यालय प्रमुख अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर**

जी.-252602359/8

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### हरेली पर बदली...

बस्तर से लेकर सरगुजा तक हरेली को मनाने का अपना-अपना अंदाज है। लेकिन सभी जगह इसका रंग एक ही है, आस्था और उत्साह एक ही है। जिस तरह प्रकृति हमारा ख्याल रखती है, उसी तरह हमें भी प्रकृति का ख्याल रखना चाहिए। हरेली केवल खेती-किसानी का त्यौहार नहीं है, बल्कि यह अपनी धरती की हरियाली और प्रकृति पूजा का भी त्यौहार है। छत्तीसगढ़ महतारी की कृपा हम सब पर बरसाती रहे और सभी किसान भाई खुशहाल रहें। यही मंगल कामना है। **छग कर रहा है ऐतिहासिक प्रगति-डॉ. रमन**-विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कहा, हरेली छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपरा और किसान जीवन का उत्सव है। इस पावन अवसर पर मैं प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ। यह त्योहार प्रकृति, कृषि और पशुधन से जुड़े हमारे जीवन मूल्यों की गूंज है। उन्होंने कहा, ऐसा विश्वास है कि इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती स्वयं धरती पर आकर किसानों के बीच उपस्थित होते हैं और उनके खेतों का निरीक्षण करते हैं। यही कारण है कि इस दिन किसान अपने कृषि यंत्रों, हल-बैल और खेत-खलिहानों की पूजा करते हैं। उन्होंने कहा, विष्णुदेव साय के नेतृत्व में आज छत्तीसगढ़ कृषि के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति कर रहा है। किसानों को समर्थन मूल्य पर धान खरीद और विभिन्न योजनाओं में 90 हजार करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया गया है। यह हिंदुस्तान में किसी भी राज्य द्वारा किसानों के लिए किया गया सबसे बड़ा कार्य है। यह दर्शाता है कि छत्तीसगढ़ में एक ऐसा मुख्यमंत्री है, जो केवल घोषणाएं नहीं करता, बल्कि धरातल पर किसानों के पसीने की कीमत चुका रहा है। **ये थे उपस्थित**- इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, राम विचार नेताम, टंक राम वर्मा, लक्ष्मी राजवाड़े, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय, पूर्व विधायक लाभचंद बाफना, विधायक, निगम मंडल आयोग के अध्यक्ष सहित जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### अनिल ने यस बैंक...

करोड़ रुपए के ऋण के गलत इस्तेमाल के आरोपों में ये छापेमारी की जा रही है। समूह की दो कंपनी 'रिलायंस पावर' और 'रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर' ने शेयर बाजार को दी अलग-अलग सूचना में कहा कि ईडी की कार्रवाई का उनके व्यवसाय संचालन, वित्तीय प्रदर्शन, शेयरधारकों, कर्मचारियों या किसी अन्य हितधारक पर कोई असर नहीं पड़ा है। कंपनियों ने कहा, मीडिया में आई खबरों में जो जानकारी दी गई है वह 10 साल से भी पुरानी कंपनी 'रिलायंस कम्युनिकेशन्स लिमिटेड' (आरसीओएम) या 'रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड' (आरएचएफएल) के लेन-देन से संबंधित आरोपों से जुड़ी प्रतीत होती हैं। **मुखौटा कंपनियों में गलत तरीके से इस्तेमाल**- सूत्रों ने बताया कि कथित तौर पर इन ऋणों को संबंधित संस्थाओं द्वारा समूह की कई कंपनियों और मुखौटा कंपनियों में गलत तरीके से इस्तेमाल किया गया। सूत्रों ने बताया कि एजेंसी कमजोर वित्तीय स्थिति वाली संस्थाओं को दिए गए ऋणों, ऋणों के उचित दस्तावेजीकरण और उचित जांच-पड़ताल के अभाव, समान पते वाले ऋणदाताओं और उनकी कंपनियों में समान निदेशकों आदि के मामलों की भी जांच कर रही है। सीबीआई ने दर्ज की है दो एफआईआर-धनशोधन का यह मामला सीबीआई द्वारा दर्ज कम से कम दो प्राथमिकियों और राष्ट्रीय आवास बैंक, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी), राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण तथा बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा साझा की गई रिपोर्ट से जुड़ा है। इन रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि बैंकों, शेयरधारकों, निवेशकों और अन्य सार्वजनिक संस्थानों को धोखा देकर जनता के रुपयों का गलत तरीके से इस्तेमाल करने या हड़पना की यह एक 'पूर्व-नियोजित और सोच-समझी साजिश' थी।

### सेबी की रिपोर्ट...

व्यावसायिक या वित्तीय संबंध नहीं हैं। कंपनियों ने कहा कि 'रिलायंस कम्युनिकेशन्स' या 'रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड' के खिलाफ की गई किसी भी कार्रवाई का 'रिलायंस पावर' या 'रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर' के संचालन व प्रबंधन पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

### सरकार ने दी थी...

रुपये से अधिक का बैंक ऋण 'धोखाधड़ी' भी ईडी की जांच के दायरे में है। उन्होंने बताया कि रिलायंस म्यूचुअल फंड ने भी एटी-1 बांड में 2,850 करोड़ रुपये का निवेश किया है और संघीय एजेंसी को इसमें 'परस्पर लाभ पहुंचाने' का संदेह है।

### बम ब्लास्ट में...

सॉलिसिटर जनरल द्वारा कानून संबंधी बिंदु पर प्रस्तुत दलीलों पर ध्यान देते हुए, हम इस बात के इच्छुक हैं कि संबंधित फैसले को मिसाल के रूप में नहीं जाएगा। इसे देखते हुए विवादित फैसले पर रोक रहेगी। संक्षिप्त सुनवाई के दौरान महाराष्ट्र सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने का अनुरोध करते हुए कहा कि इसका असर महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण कानून (मकोका) के तहत लंबित मुकदमों पर पड़ेगा। न्यायमूर्ति सुंदरेश ने पूछा कि क्या सभी आरोपियों को जेल से रिहा कर दिया गया है और उन्होंने कहा कि कुछ आरोपी पाकिस्तानी नागरिक हैं। राज्य के एक वकील ने बताया, उन्हें गिरफ्तार नहीं किया गया था। न्यायमूर्ति अनिल किलोर और न्यायमूर्ति श्याम चांडक की विशेष पीठ ने सोमवार को सभी 12 आरोपियों को बरी करते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष उनके खिलाफ मामला साबित करने में पूरी तरह विफल रहा है। यह विश्वास करना कठिन है कि आरोपियों ने यह अपराध किया है।

### दर्शन के जमानत...

कर्नाटक सरकार की अपील पर फैसला सुरक्षित रख लिया। शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा और मामले में आरोपियों का प्रतिनिधित्व कर रहे सिद्धार्थ दवे एवं अन्य की दलीलें सुनी। इसने राज्य और कुछ अन्य लोगों द्वारा दाखिल लिखित 'नोट' को रिकॉर्ड में ले लिया और शेष आरोपियों के वकील से एक सप्ताह के भीतर लिखित रूप से संक्षिप्त दलीलें दाखिल करने को कहा। राहत देने पर सवाल उठाते हुए, न्यायमूर्ति पारदीवाला ने बचाव पक्ष के वकील से पूछा, क्या आपको नहीं लगता कि उच्च न्यायालय ने जमानत याचिकाओं पर फैसला सुनाते हुए सात आरोपियों को बरी करने का आदेश दे दिया? न्यायाधीश ने कहा, चिंता की बात यह है कि जिस तरह से उच्च न्यायालय ने जमानत आदेश सुनाया...क्या उच्च न्यायालय हर जमानत याचिका पर एक ही तरह का आदेश सुनाता है? पीठ ने दो चश्मदीदों, किरण और पुनीत के बयानों से उच्च न्यायालय के निपटने के तरीके पर भी सवाल उठाया तथा उन्हें अविश्वसनीय गवाह बताया। न्यायमूर्ति पारदीवाला ने कहा, यह (जमानत प्रदान करना) आरोपियों को जमानत देने में विवेकाधीन शक्तियों का अनुचित प्रयोग है। यह उल्लेख करते हुए कि सभी आरोपी जमानत पर जेल से बाहर हैं और मुकदमा अभी शुरू होना बाकी है, अदालत ने पूछा, 'क्या हाईकोर्ट ने न्यायिक रूप से अपने विवेक का प्रयोग किया है? पीठ ने 17 जुलाई को, उच्च न्यायालय द्वारा आरोपियों को जमानत दिए जाने पर अपनी आपत्ति जताई और कहा कि जिस तरह से विवेकाधीन शक्ति का प्रयोग किया गया, उससे वह बिल्कुल भी आश्वस्त नहीं है। न्यायमूर्ति पारदीवाला ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो, हम उच्च न्यायालय द्वारा विवेकाधीन शक्ति के प्रयोग के तरीके से सहमत नहीं हैं।'

### भारत-ब्रिटेन में...

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके ब्रिटेन के समकक्ष प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की मौजूदगी में भारत की तरफ से केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और ब्रिटेन के वाणिज्य मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स ने हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री मोदी ने समझौते को दोनों देशों की आर्थिक साझेदारी में एक नए अध्याय की शुरुआत बताया। तो वहीं, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टार्मर ने सीईटीए को एक ऐतिहासिक समझौता बताते हुए इसे ब्रिटेन की बड़ी जीत करार दिया। दोनों देशों ने दोहरी कराधान संधि पर भी सहमति जताई है। सीईटीए पर हस्ताक्षर के बाद ब्रिटेन में इसके प्रभावी होने से पहले ब्रिटिश संसद से अनुमोदन की आवश्यकता होगी। जिस प्रक्रिया में करीब एक साल का समय लग सकता है। अधिकारियों ने बताया, सीईटीए से बाजार पहुंच बढ़ने के साथ ही दोनों देशों के बीच वार्षिक द्विपक्षीय व्यापार लगभग 34 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। इसके अलावा आगामी पांच वर्षों में 2030 तक दोनों अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार दोगुना होकर 120 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की संभावना है।

### पीएम मोदी बोले-...

हुए कहा, कभी-कभी गेंद पर बल्ला चलाने में चूक हो सकती है, लेकिन हम सीधे बल्ले से खेलने और बड़े स्कोर वाली ठोस साझेदारी करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। व्यापार समझौते पर दस्तखत होने के कुछ देर पहले ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने कहा था कि इस समझौते से समूचे ब्रिटेन में हजारों रोजगार पैदा होंगे, कंपनियों को नए अवसर मिलेंगे और वृद्धि को रफ्तार मिलेगी। ब्रिटेन के व्यापार एवं व्यवसाय विभाग (डीबीटी) ने कहा कि समझौता लागू होने के बाद औसत सीमा शुल्क 15 प्रतिशत से घटकर तीन प्रतिशत रह जाएगा। इससे भारतीय उपभोक्ताओं को सॉफ्ट ड्रिंक, सौंदर्य प्रसाधन, कार एवं चिकित्सा उपकरण जैसे बेहतरीन ब्रिटिश उत्पादों तक आसान पहुंच मिलेगी।

### 'लाल आतंक' को...

(पूना मारगेम) पुनर्वास से पुनर्जीवन अभियान के तहत बस्तर के 5 नक्सल प्रभावित जिलों में कुल 66 माओवादी आत्मसमर्पण के लिए सामने आए हैं। इन नक्सलियों में कई इनामी और खूंखार माओवादी भी शामिल हैं, जिन पर कुल 2 करोड़ 30 लाख रुपए का इनाम घोषित था। यह आत्मसमर्पण नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में सुरक्षा बलों और सरकार की रणनीति की बड़ी सफलता मानी जा रही है। **बीजापुर में 25 लाख का ईनामी एसजेडसीएम रामन्ना ईरपा उर्फ जगदीश भी शामिल**-बस्तर रेंज के पांच जिले में समर्पण करने वाले नक्सलियों में सबसे उपर स्पेशल जोनल कमेटी सदस्य रामन्ना ईरपा उर्फ जगदीश उर्फ विकेश का नाम प्रमुख है। इस 25 लाख का ईनाम घोषित था, वह माओवादी संगठन में लंबे समय से सक्रिय था और कई बड़ी घटनाओं में शामिल रहा है। **मिलेगा पुनर्वास नीति का लाभ**-आईजी सुंदरराज पट्टलिंगम ने नक्सलियों के समर्पण को माओवाद के खिलाफ निर्णायक मोड़ करार दिया है। आईजी का मानना है कि इस आत्मसमर्पण से क्षेत्र में शांति, विकास और विश्वास का वातावरण मजबूत होगा। इन सभी आत्मसमर्पित माओवादियों को सरकार की नियद नेल्ला नार योजना के तहत पुनर्वास नीति का लाभ दिया जाएगा। **18 माह में 1,570 माओवादी हिंसा का मार्ग छोड़ मुख्यधारा में हुए शामिल**-गुरूवार को समर्पण करने वाले नक्सलियों में एक एसजेडसीएम, 4 डीवीसीएम, 10 पीएलजीए कैडर, 15 एरिया कमेटी पार्टी सदस्य, 7 एलओएस सदस्य के अलावा 29 अन्य कैडर के नक्सली शामिल है। आईजी ने बताया कि छग शासन एवं भारत सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर बस्तर रेंज में पिछले 18 महीनों में कुल 1,570 माओवादी कैडर हिंसा का मार्ग छोड़कर मुख्यधारा में शामिल हो चुके हैं। समर्पण के साथ ही अंदरूनी इलाकों में सुरक्षा शिविरों की स्थापना, सड़क, परिवहन, पेयजल, बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं का विस्तार तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की पहुंच से अब विकास अंतिम छोर के ग्रामीणों तक भी पहुंचने लगा है। स्थानीय समुदायों और सुरक्षा बलों के बीच बढ़ते विश्वास, सामुदायिक पुलिसिंग और आत्मसमर्पण नीति के व्यापक प्रचार-प्रसार ने इस आत्मसमर्पण की लहर को मजबूती दी है।

### बस्तर में हो ...

मुख्यधारा से जुड़ने का संकल्प लिया है। इनमें 25 लाख रुपए के ईनामी एसजेडसीएम रामन्ना ईरपा उर्फ जगदीश का आत्मसमर्पण शामिल है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि एक ही दिन में बीजापुर से 25, दंतेवाड़ा से 15, कांकेर से 13, नारायणपुर से 8 और सुकमा से 5 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में लौटने का संकल्प लिया है। राज्य सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर वे अब हिंसा का मार्ग छोड़कर शांति और विकास की दिशा में आगे बढ़ने को तैयार हुए हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि बीते 18 महीनों में कुल 1,570 माओवादी कैडर आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौट चुके हैं। यह हमारे शासन की पारदर्शी नीतियों, नागरिक-हितैषी कार्यप्रणाली और पुनर्वास के प्रति ईमानदारीपूर्ण दृष्टिकोण का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन सामाजिक और आर्थिक पुनर्निर्माण के समर्पित प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार मिलकर बस्तर के दूरस्थ और अत्यंत संवेदनशील क्षेत्रों में एक साथ सुरक्षा और विकास का कार्य कर रही है। सड़कों का विस्तार, पेयजल व्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं को नक्सल प्रभावित इलाकों में पहुंचाया गया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने "पूना मारगेम : पुनर्वास से पुनर्जीवन" नीति का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारी नीति बस्तर के उज्ज्वल भविष्य का संकल्प है। हम आत्मसमर्पण कर रहे नक्सलियों के भविष्य को संवारने हेतु प्रतिबद्ध हैं

### इन जिलों में...

में 15 नक्सलियों ने समर्पण किया, जिन पर 17 लाख रुपए का ईनाम घोषित था। वहीं कांकेर जिले में 13 नक्सलियों ने समर्पण किया, जिन पर 65 लाख रुपए का ईनाम घोषित था।

### लखटकिया सोना-चांदी,...

से छह करोड़ का निवेश होता था जो बढ़कर अब 8 करोड़ का हो गया है। **अब कम ग्राम की खरीदी**-सोने और चांदी के बढ़ते दाम के कारण प्रदेश में इसका कारोबार प्रभावित नहीं हुआ है। प्रदेश में रोज 50 करोड़ के आस-पास का कारोबार होता है जो कम न होकर अब और बढ़ गया है, क्योंकि निवेशक सोने और चांदी में ज्यादा निवेश कर रहे हैं। ग्राहक भी पहले जैसी ही खरीदारी कर रहे हैं। फर्क सिर्फ यह है कि अब ग्राहकों ने खरीदारी का तरीका बदल दिया है। सराफा कारोबारी हरख मालू के मुताबिक जब सोने की कीमत 50 हजार रुपए थी, तब ग्राहक एक लाख के अपने बजट में 20 ग्राम की खरीदारी करते थे, अब ऐसे ग्राहक दस ग्राम की खरीदारी कर रहे हैं। इसी तरह से दस ग्राम लेने वाले ग्राहक पांच ग्राम ले रहे हैं। ऐसे में कारोबारियों के पास पैसा उतना ही आ रहा है। **कारोबारी बोले-जितना बजट, उतनी खरीदी**-चांदी कारोबारी लक्ष्मी नारायण लाहोटी के मुताबिक चांदी की खरीदारी भी अब सोने की तरह हो रही है। 50 ग्राम चांदी के जेवर लेने वाले अब 30 ग्राम के जेवर ले रहे हैं। सब कुछ बजट का खेल है। जिसका जितना बजट है, उसके हिसाब से खरीदारी हो रही है। बाजार पर कीमत का कोई असर नहीं है।

### पांच साल में...

अनावरण करते हुए, शाह ने ज़ोर देकर कहा कि सहकारिताएं, कराधान सहित सभी पहलुओं में कॉरपोरेट क्षेत्र के बराबर हैं। उन्होंने राज्यों से नई नीति को जल्द से जल्द लागू करने का आग्रह किया और इस बात पर ज़ोर दिया कि सहकारी क्षेत्र में भारत के लिए विकास लाने की क्षमता है। भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। उन्होंने कहा कि इस मिशन का उद्देश्य सहकारी संगठनों को पेशेवर, पारदर्शी, तकनीक से लैस और वित्तीय रूप से स्वतंत्र होने के साथ-साथ सफल भी बनाना है। शाह ने कहा, देश के हर गांव में कम से कम एक सहकारी संस्था स्थापित करने का लक्ष्य है। इसके अलावा, कम से कम 50 करोड़ लोगों को सहकारिता के दायरे में लाने का लक्ष्य है। मंत्री ने कहा, यह नीति दूरदर्शी, व्यावहारिक और परिणामोन्मुखी है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने वर्ष 2027 तक भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है। मुझे पूरा विश्वास है कि हम इस लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करेंगे। शाह ने कहा कि पिछले चार साल में सहकारिता मंत्रालय ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं, लेकिन इसकी सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि आज देश की सबसे छोटी सहकारी इकाई का सदस्य भी गर्व से खड़ा है। मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि यह नवीनतम नीति वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में सहायक होगी। उन्होंने राज्य सरकारों से भी नई नीति को लागू करने का आग्रह किया।

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
